

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 156

ग्वालियर, सोमवार, 26 जुलाई, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## वन-टू-वन

### राष्ट्रपति आज से जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का दौरे पर

**नई दिल्ली (ए)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 25 से 28 जुलाई तक जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का दौरे पर है। 26 जुलाई को राष्ट्रपति कारगिल विजय दिवस की 22वीं वर्षगांठ पर लद्दाख स्थित द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर 1999 के कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। 27 जुलाई को राष्ट्रपति श्रीनगर में कश्मीर विश्वविद्यालय के 19वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगे और उसे संबोधित करेंगे।

### बांग्लादेश जाने की कोशिश कर रहे 15 रोहिंग्या असम में गिरफ्तार

**सिलचर (ए)।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से त्रिपुरा जाने का प्रयास कर रहे म्यांमार के 15 रोहिंग्याओं को दक्षिण असम में आरपीएफ के जवानों ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार रोहिंग्याओं में 3 महिलाएं और 6 बच्चे शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि रोहिंग्या त्रिपुरा के रास्ते बांग्लादेश जाने की कोशिश कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि पूर्वोत्तर के राज्य त्रिपुरा की 856 किमी सीमा बांग्लादेश से लगती है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवानों ने 15 रोहिंग्याओं को दक्षिणी असम के करीमगंज जिले के बदरपुर रेलवे स्टेशन पर हिरासत में ले लिया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से आए और त्रिपुरा जाने वाली ट्रेन पकड़ने की कोशिश कर रहे थे। गिरफ्तार करने के बाद आरपीएफ कर्मियों ने उन्हें राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) को सौंप दिया। जीआरपी के एक अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक पूछताछ के बाद रोहिंग्याओं ने कबूल किया कि वे कुछ माह पहले उत्तर प्रदेश गए थे और नौकरी की तलाश में अलग-अलग शहरों में रहे। दक्षिण-पूर्व बांग्लादेश में शरणार्थी शिविरों से रोहिंग्या अक्सर नौकरी की तलाश में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में अवैध रूप से प्रवेश करते हैं या मानव तस्करी में फंस जाते हैं।

### यूपी के पूर्वांचल में बाढ़ से बचाव के लिए अभी से कदम उठाए योगी सरकार: मायावती

**लखनऊ (ए)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने महाराष्ट्र और गोवा में बाढ़ के कहर से जान-माल की भारी क्षति पर रविवार को दुख प्रकट करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में बाढ़ से बचाव के लिए प्रदेश की सरकार को अभी से सजग होकर कदम उठाने चाहिए। बसपा प्रमुख ने रविवार को अपने ट्वीट में कहा कि देश के विभिन्न भागों खासकर महाराष्ट्र और गोवा में बाढ़ की विभीषिका से जान-माल एवं संपत्ति की भारी हानि हुई है। यह बेहद दुखद है। पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जताते हुए मायावती ने कहा कि राज्य सरकारों और केंद्र का भी आपदा के ऐसे मामलों में पूरी संवेदनशीलता से सक्रियता के साथ काम करना जरूरी है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में हर साल आने वाली बाढ़ से राज्य में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार को सावधान करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, उप्र में भी खासकर पूर्वांचल के लाखों परिवार हर वर्ष बाढ़ की भीषण तबाही झेलते हैं। इसे देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली राज्य सरकार को अभी से बचाव के उपाय करने चाहिए, ताकि किसी आपदा की स्थिति में जान-माल की रक्षा की जा सके। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के पुणे और कोंकण संभाग में पिछले तीन दिनों में भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन से मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 137 हो गई है। मृतकों में रायगढ़ जिले में सबसे अधिक 52 लोग मारे गए हैं।

## मन की बात में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# भारत जोड़ो अभियान चलाएं; हमें नेशन फर्स्ट, ऑलवेज फर्स्ट के मंत्र के साथ आगे बढ़ना है

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को सुबह 11 बजे मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश को संबोधित किया। यह इस रेडियो प्रोग्राम का 79वां एपिसोड रहा। मोदी ने रविवार को ओलिंपिक जाने वाले खिलाड़ियों को चीयर करने की बात कही, तो कारगिल के शहीदों को भी याद किया। उन्होंने आजादी के 75 साल पूरे होने पर नेशन फर्स्ट, ऑलवेज फर्स्ट का नारा भी दिया। साथ ही कहा कि गांधी के भारत छोड़ो अभियान की तर्ज पर देश के लोग भारत जोड़ो अभियान चलाएं। कार्यक्रम में मोदी ने आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु समेत देशभर में इनोवेटिव काम कर रहे लोगों की तारीफ की। वोकल फॉर लोकल पर जोर देते हुए उन्होंने लोगों से हैंडलूम और खादी का इस्तेमाल करने की अपील की। मोदी ने कहा कि जो देश के लिए तिरंगा उठाता है, ऐसे लोगों की देशभक्ति की भावना हमें जोड़ती है। कल कारगिल विजय दिवस भी है। यह भारत की सेना के शौर्य का प्रतीक है। मैं चाहूंगा कि आप कारगिल की गाथा जरूर पढ़ें। वीरों को नमन करें। मोदी ने कहा, दो दिन पहले टोक्यो में भारतीय खिलाड़ियों को देखकर देश




### खादी स्टोर से एक दिन में एक करोड़ से ज्यादा बिक्री

साल 2014 के बाद से ही मन की बात में हम अक्सर खादी की बात करते हैं। ये आपका ही प्रयास है कि आज देश में खादी की बिक्री कई गुना बढ़ गई है। क्या कोई सोच सकता था कि खादी के किसी स्टोर से एक दिन में एक करोड़ रुपए से अधिक की बिक्री हो सकती है, लेकिन आपने ये भी कर दिखाया है।

### मणिपुर में सेब उगाने की कोशिश की तारीफ की

मोदी ने कहा कि आपने अंग्रेजी की एक कहावत सुनी होगी यानी सीखना ही आगे बढ़ना है। जब हम कुछ नया सीखते हैं, तो हमारे लिए प्रगति के नए-नए रास्ते खुद-ब-खुद खुल जाते हैं। जब भी कहीं लीक से हटकर कुछ नया करने का प्रयास हुआ है, मानवता के लिए नए द्वार खुले हैं, एक नए युग का आरंभ हुआ है। अगर मैं आपसे पूछूं कि वो कौन से राज्य हैं, जिन्हें आप सेब के साथ जोड़ेंगे? तो जाहिर है कि आपके मन में सबसे पहले हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड का नाम आएगा। पर अगर मैं कहूं कि इसमें आप मणिपुर को भी जोड़ दीजिए तो शायद आप आश्चर्य से भर जाएंगे। कुछ नया करने के जज्बे से भरे युवाओं ने मणिपुर में ये कारनामा कर दिखाया है। आजकल मणिपुर के उखरु जिले के एरोनॉटिकल इंजीनियर टीएस रिंगफमी अपनी पत्नी टीएस एंजेल के साथ सेब की पैदावार कर रहे हैं।

### आजादी के 75 साल का साक्षी बनना सौभाग्य की बात

इस साल देश आजादी के 75वें साल में प्रवेश कर रहा है। ये हमारा सौभाग्य है कि जिस आजादी के लिए देश ने सदियों का इंतजार किया, उसके 75 वर्ष होने के हम साक्षी बन रहे हैं। 12 मार्च को बापू के साबरमती आश्रम से अमृत महोत्सव की शुरूआत हुई थी। इसी दिन बापू की दांडी यात्रा को पुनर्जीवित किया गया था, तब से जम्मू-कश्मीर से लेकर पुदुचेरी तक, गुजरात से लेकर पूर्वोत्तर तक, देश भर में अमृत महोत्सव से जुड़े कार्यक्रम चल रहे हैं।

### संस्कृति मंत्रालय के राष्ट्रगान अभियान से जुड़ने की अपील

क्करूने कहा कि स्वाधीनता सेनानियों को याद करते हुए सरकार और सामाजिक संगठनों की तरफ से लगातार इससे जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ऐसा ही एक आयोजन इस बार 15 अगस्त को होने जा रहा है, ये राष्ट्रगान से जुड़ा एक प्रयास है। सांस्कृतिक मंत्रालय की कोशिश है कि इस दिन ज्यादा से ज्यादा भारतवासी मिलकर राष्ट्रगान गाएं, इसके लिए एक वेबसाइट भी बनाई गई है -

### आजादी का अमृत महोत्सव राजनीतिक कार्यक्रम नहीं

मोदी ने कहा कि अमृत महोत्सव राजनीतिक नहीं, बल्कि सभी भारतवासियों का कार्यक्रम है। ये भावना है, अपने स्वाधीनता सेनानियों के मार्ग पर चलना, उनके सपनों का देश बनाना। जैसे, देश की आजादी के मतवाले, स्वतंत्रता के लिए एकजुट हो गए थे, वैसे ही हमें देश के विकास के लिए एकजुट होना है।

### मोदी ने फिर वोकल फॉर लोकल का नारा दोहराया

उन्होंने कहा कि रोज के कामकाज करते हुए भी हम राष्ट्र निर्माण कर सकते हैं, जैसे वोकल फॉर लोकल। हमारे देश के स्थानीय उद्यमियों, आर्टिस्टों, शिल्पकारों, बुनकरों को सपोर्ट करना, हमारे सहज स्वभाव में होना चाहिए। 7 अगस्त को आने वाला नेशनल हैंडलूम डे, एक ऐसा अवसर है जब हम प्रयास पूर्वक भी ये काम कर सकते हैं । इस दिन के साथ बहुत ऐतिहासिक पृष्ठभूमि जुड़ी हुई है। इसी दिन, 1905 में स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत हुई थी।

## भारत की बेटियों का जलवा जारी

# मेरीकॉम, सिंधु और बत्रा ने अपने मुकाबले जीते




टोक्यो, एजेंसी

टोक्यो ओलिंपिक में भारत की बेटियों का शानदार खेल जारी है। रविवार को मुक्केबाजी में एमसी मेरीकॉम, बैडमिंटन में पीवी सिंधु और टेबल टेनिस में मनिका बत्रा ने अपने-अपने मुकाबले जीत लिए। हालांकि, शूटिंग और टेनिस में निराशा झेलनी पड़ी। बैडमिंटन में पीवी सिंधु ने इजराइल की प्रतिद्वंद्वी सेनिया पोलिकारपोवा को हराया। बॉक्सिंग में एमसी मेरीकॉम ने राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में डोमनिकन रिपब्लिक की गार्सिया हर्नांडेज को 4-1 से मात दी। टेबल टेनिस में मनिका बत्रा ने 20वीं सीड यूक्रेन की खलाड़ी को हराया। रोइंग (नौकायन) से भी अच्छी खबर आई है। परुषों के लाइट वेट डबल्स स्कल्स इवेंट में अर्जुन लाल और अरविंद सिंह की जोड़ी रेपचेज रेस के जरिए सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर गई है। बैडमिंटन में मेडल की उम्मीद और रियो की सिल्वर मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने ग्रुप स्टेज में अपना पहला मुकाबला जीत लिया है। उन्होंने ग्रुप जे के मुकाबले में इजराइल की सेनिया पोलिकारपोवा को आसानी से 21-7, 21-10 से हरा दिया। सिंधु ने यह मैच सिर्फ 28 मिनट में खत्म कर दिया। इस दौरान उन्होंने लगातार 12 पॉइंट भी अपने नाम किए। दूसरी ओर शूटिंग और टेनिस में भारतीय खिलाड़ियों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। महिलाओं के 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में भारत की मनु भाकर और यशस?वनी देसवाल फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकीं। क्वालिफिकेशन राउंड में मनु 575 अंकों के साथ 12वें और देसवाल 573 अंकों के साथ 13वें स्थान पर रहीं। मेंस 10 मीटर एयर राइफल में दीपक कुमार और दिव्यांश सिंह पंवार फाइनल में नहीं पहुंच सके।

## पोर्न फिल्म केस

# राज कुंद्रा के अंधेरी ऑफिस में मिली मिस्ट्री वॉल सरकारी गवाह बने चार कर्मचारियों ने खोले राज

मुंबई, एजेंसी

मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच शिल्पा शेट्टी के बिजनेसमैन पति के कई राजफाश करने में जुटी है। अब पुलिस को राज के अंधेरी वाले ऑफिस में एक मिस्ट्री वॉल और उसमें छिपाई गई अलमारी का पता चला है। इसके बाद शनिवार को नए सिरे से इस ऑफिस की तलाशी ली गई। क्राइम ब्रांच को अलमारी में कुछ बॉक्स और कई फाइलें मिली हैं जिनमें क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी जानकारियां हैं। वहीं, कुंद्रा के 4 कर्मचारी पोर्नोग्राफी केस में उनके खिलाफ सरकारी गवाह बनने को तैयार हो गए हैं। अब कुंद्रा की



मुश्किलें बढ़ सकती हैं। मुंबई पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इन कर्मचारियों ने प्रॉपर्टी सेल को बताया है कि रैकेट किस तरह काम करता था। इससे पहले, क्राइम ब्रांच ने 19 जुलाई को भी इसी ऑफिस में छापेमारी की थी, लेकिन तब छिपी हुई अलमारी नजर नहीं आई थी। पुलिस को वियान इंडस्ट्रीज के कर्मचारियों से पूछताछ में इसका पता चला। अब तक हुई पूछताछ के दौरान राज कुंद्रा ने भी इसके बारे में खुलासा नहीं किया था। हालांकि शनिवार को एक कर्मचारी ने यह राज उगला, तब अलमारी बाहर आ गई।

# छह अर्थियां उठने पर रोया पूरा गांव

## गुजरात में सिलेंडर फटने से परिवार के 9 लोगों की हुई थी मौत

गुना, एजेंसी

एक साथ 6 लोगों की अर्थियां एक साथ उठने पर मध्य प्रदेश के गुना जिले का बेरवास गांव फूट-फूट कर रोया। रविवार को एक ही चिता पर 6 शवों का दाह संस्कार हुआ। सभी एक ही परिवार के थे। 3 लोगों का दाह संस्कार शुक्रवार को हो चुका था। आज तीसरे दिन भी पूरे गांव में चूल्हे नहीं जले। अहमदाबाद में सिलेंडर फटने से गांव के दो भाइयों का पूरा परिवार खत्म हो गया था। घटना में 9 लोगों की मौत हो चुकी है। परिवार में अब सिर्फ बड़े भाई, पत्नी और दो बच्चे ही बचे हैं। गांव के दूसरे हिस्से में रहने वाले मीना और राजपूत समाज के लोग इस गांव के लोगों के लिए खाने-पीने का इंतजाम कर रहे हैं। इससे पहले रविवार को जैसे ही 6 और शव गांव पहुंचे तो पूरे गांव में मातम छा गया। दो शव नाबालिगों के थे। रविवार को पांच अर्थियां बनाई गईं। एक पर दो बच्चों को रखा गया। गांव के लोगों की मदद से अर्थियों को मुक्तिधाम ले जाया गया। यहां एक ही चिता पर सबको रखकर अंतिम संस्कार किया गया। गैस सिलेंडर फटने से हुए इस हादसे में एक परिवार पूरी तरह से उजड़ गया। दो भाइयों का कोई वारिस तक नहीं बचा। दो भाई, उनकी मां, पत्नियां और चारों बच्चे भी इस हादसे में मारे गए। परिवार में अब सिर्फ बड़ा भाई और उसके बीवी-बच्चे ही बचे हैं। गांव में ही रहकर खेती करते हैं।रविवार को दैनिक भास्कर की टीम बेरवास पहुंची। यहां जमीनी हकीकत सरकार के दावों से एकदम उलट नजर आई। शहर से 70 किमी दूरी पर यह गांव बसा हुआ है।

गांव की आबादी 1300 है। जंजाली-मधुसूदनगढ़ रोड से 4 किमी अंदर तक रास्ते से ही गांव में पहुंचा जा सकता है। गांव में अधिकतर घर कच्चे ही बने हैं। जिस जगह इन शवों का अंतिम संस्कार हुआ, वहां के हालात तो और भी बदतर हैं। मुक्तिधाम तक

## अभी नहीं मिलेगी आफत से राहत

# महाराष्ट्र में बाढ़-लैंडस्लाइड से अब तक 136 लोगों की मौत



मुंबई, एजेंसी

### बिहार के 19 जिलों में बाढ़ का खतरा, यूपी के 100 गांवों में पानी भरा

महाराष्ट्र में बारिश के चलते हालात खतरनाक बने हुए हैं। लगातार कई दिनों से हो रही बारिश की वजह से सांग्ली, सतारा, रत्नागिरी, रायगढ़, कोल्हापुर और ठाणे में भयानक हादसे हुए हैं, जिनमें 136 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। यहां के ह्ष्ठक्रस्न की 34 टीमें राहत और बचाव कार्यों में जुटी हैं। राज्य के मुंबई, पलघर और ठाणे जिलों में आज भी भारी बारिश की आशंका है। बिहार में भारी बारिश के चलते कई जिले पानी में डूबे हुए हैं। यहां पर अगले दो-तीन ऐसी ही बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने 19 राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया है। वहीं उत्तर प्रदेश के मौसम विभाग ने राज्य के लिए अलर्ट जारी किया है। यहां पर 100 से ज्यादा गांवों में पानी भर जाने के कारण पलायन का खतरा बन गया है। वहीं, उत्तराखंड में रविवार से बुधवार के बीच भारी बारिश हो सकती है। हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी अगले दो -तीन दिन तेज बारिश होगी।राज्य में लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ के हालात बने हुए हैं। बारिश और लैंडस्लाइड की वजह से बीते कुछ दिनों में यहां 136 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। एनडीआरएफ की 34 टीमें राज्य में राहत कार्य में जुटी हैं। रायगढ़ और रत्नागिरी इलाकों में चार लैंडस्लाइड में 54 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। बचाव दल मलबों से शब निकाल रहे हैं। कुछ तस्वीरें आपको विचलित कर सकती हैं, लेकिन इन्हें दिखाना जरूरी है ताकि आप हालात की भयावहता का अंदाजा लगा सकें।

### भोपाल, इंदौर, होशंगाबाद, उज्जैन, ग्वालियर, सागर संभाग में आरेंज अलर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में झमाझम बारिश के बीच रविवार को सावन माह की शुरूआत हुई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से आगे बढ़ा कम दबाव का क्षेत्र वर्तमान में उत्तरी मध्यप्रदेश के मध्य में बना हुआ है। मानसून ट्रफ भी मध्यप्रदेश से होकर गुजर रहा है। इस वजह से पूरे प्रदेश में रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र ने भोपाल, इंदौर, होशंगाबाद, उज्जैन, ग्वालियर, सागर संभाग में भारी बारिश की चेतावनी (ऑरेंज अलर्ट) जारी की है। इन क्षेत्रों में रविवार-सोमवार को कहीं-कहीं 115 मिलीमीटर या उससे अधिक बारिश भी हो सकती है।






## संक्षिप्त समाचार

### इन फीडरों पर रहेगी आज बत्ती गुल




**शिवपुरी।** आवश्यक रखरखाव का कार्य किए जाने हेतु 11 के.व्ही. हाउसिंग बोर्ड फीडर और 33 के.व्ही.राई एवं चंदौरिया फीडर पर 26 जुलाई को विद्युत प्रवाह बंद रहेगा। 26 जुलाई को 11 के.व्ही. हाउसिंग बोर्ड फीडर के बंद रहने से प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक ठकुरपुरा, संतुष्टि तात्याटोपे एवं आसपास के क्षेत्र तथा राई तथा चंदौरिया फीडर के बंद रहने से प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र राई एवं किलावनी तथा 33/11 के.व्ही.उपकेन्द्र चंदौरिया एवं रमतला से जु? प्रभावित रहेंगे।

### भुगतान ना होने को लेकर युवक बिल्डिंग पर चढ़ा, दी आत्महत्या की धमकी

शिवपुरी-जिला मुख्यालय से 15 किमी दूर स्थित सतनबाड़ा में स्थित शासकीय कॉलेज में किए गए निर्माण के बाद भी भुगतान की राशि प्राप्त करने के लिए एक ठेकेदार के द्वारा भवन की बिल्डिंग पर चढ़ाकर प्रदर्शन किया गया और छत से कूदकर आत्महत्या की धमकी दी गई। जानकरी के अनुसर शहर में रहने वाले रेत सप्लायर रानू राठौर ने सतनबाड़ा में एनटीपीसी कॉलेज को बनाने वाली कंपनी अभिलाषा इंटरप्राईजेज को 22 लाख रूपये कीमत की रेत सप्लाई की थी। करीब दो साल से रेत का भुगतान ना होने के चलते रानू काफी परेशान हो गया और इसी क्रम में उसने अपने भुगतान को प्राप्त करने के लिए सीधे कॉलेज परिसर पहुंचकर कॉलेज की बिल्डिंग पर चढ़ गया और भुगतान नहीं होने को लेकर कूदकर आत्महत्या की धमकी दी गई। इसी बीच अभिलाषा कंपनी का अधिकारी सिंकदर वहां आ गया और उसने 30 अगस्त तक भुगतान कराने का आश्वासन दिया तब जाकर रानू बिल्डिंग से नीचे उतरा। ऐसे में अपने भुगतान के लिए बिल्डिंग पर चढ़कर आत्महत्या की धमकी देना भी यूं तो अपराध है लेकिन इस तरह की घटना ही क्यों हुई, इस पर ध्यान दिया जाए।

### मप्र पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग संगठन ने विधायक वीरेंद्र रघुवंशी को मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन

शिवपुरी-मध्यप्रदेश पंचायत एवम् ग्रामीण विकास विभाग के संगठन सयुंक्त मोर्चा के बैनरतले ग्रामीण विकास विभाग के समस्त कर्मचारी /अधिकारी एवं पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायकों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी है। मध्यप्रदेश सरकार लम्बित मांगो निराकरण शीघ्र करे इसके लिए हड़ताली कर्मचारियों ने कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी को अपनी लम्बित मांगो के निराकरण के लिए उनके निवास पर पहुंचकर ज्ञापन सौंपा जिस पर विधायक वीरेंद्र रघुवंशी ने आस्वासन दिया कि संगठन की जायज मांगो के सम्बंध में मुख्यमंत्री एवं पंचायत मंत्री से स्वयं एवम् पत्र के माध्यम से चर्चा कर मांगो पर विचार कर उन्हें पूरा करवाने की बात कही। बता दें हड़ताल पर जाने से पंचायत एवम् ग्रामीण विकास विभाग के समस्त कार्य ठप पढ गए हैं। ग्रामीण जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इधर कर्मचारियों का स्पष्ठ कहना है जब तक मांगे पूरी नही होगी तब तक हड़ताल अनिश्चितकालीन समय तक जारी रहेगी। मध्यप्रदेश पंचायत एवम् ग्रामीण विकास विभाग के संगठन सयुंक्तमोर्चा के बैनरतले ग्रामीण विकास विभाग के समस्त कर्मचारी अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिवों एग्राम रोजगार सहायकों की हड़ताल लगातार जारी है। मध्यप्रदेश सरकार लम्बित मांगो निराकरण शीघ्र करे।

# प्रकृति ने दिखाया अपना वैभव,तो वहीं नगर पालिका के दावों की खुली पोल

शिवपुरी।

शनिवार की शाम लगभग 6 बजे शिवपुरी शहर के उपर लंबे इंतजार के बाद बारिश ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। शनिवार को लंबे इंतजार के बाद शहर में लगभग 1 घंटे झमाझम बारिश हुई है। जिससे बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चहरे पर मुस्कान आ गई है। दूसरी और उमस और गर्मी से परेशान शहर बासियों ने राहत की सांस ली है।





### चंद घंटों हुई बारिश ने शिवपुरी में विकास के दावों की पोल खोलकर रख दी

शनिवार को हुई चंद घंटों की बारिश ने शिवपुरी में विकास के दाबों की पोल खोलकर रख दी है। हालात यह है कि शहर के साबरकर पार्क के बाहर बनी नगरपालिका की दुकानें रोड से नीचे हो गई। जिसके चलते यह दकाने जलमग्न हो गई। इसके साथ ही झांसी तिराहे के पास ठेकेदार द्वारा गोविंद हार्डवेयर, श्रीजी हार्डवेयर, आईसीआईसीआई बैंक के बाहर नाली का निर्माण नहीं किया। जिसके चलते यहां पानी की निकासी नहीं हो सकी। और यहां थीम रोड पर ही लगभग 4 फिट तक पानी भर गया।

### नालियों की सफाई नहीं होने से निचली बस्तियों में पानी भर गया

इतना ही नहीं नपा द्वारा नालियों की सफाई नहीं होने से शहर की कई निचली बस्तियां जैसे संजय कॉलोनी वाल्मीक मौहल्ला में 600 मीटर पानी भर गया। इस कॉलोनी में नाली नहीं होने के चलते पानी की निकासी नही हो पा रही है। इसके साथ ही शांति नगर,मीट मार्केट,विजयपुरम,कृष्णा पुरम, पुरानी शिवपुरी,का गढ्डा मोहल्ला सहित कई जगह घरों में पानी घुस आया। जिसके चलते लोग परेशान होते दिखे।



## खरई, सिकन्दरा परिवहन बैरियर पर अबैध बसूली से बनी अराजकता की स्थिति

### शिवराज के राज में अबैध बसूली, ध्यान दें मुख्यमंत्री

शिवपुरी।

जिले के परिवहन बैरियरों पर बाहर के ट्रक बालों से अबैध और मनमानी बसूली से अब अराजकता की स्थिति पैदा हो गई है। शिवपुरी जिले के यूपी बॉर्डर पर स्थित सिकन्दरा परिवहन बैरियर और राजस्थान बॉर्डर पर स्थित खरई परिवहन बैरियर पर प्राईबेट कटरों के द्वारा डरा-धमकाकर बाहर के ट्रक बालों से अबैध बसूली लगातार जारी है ट्रक चालकों ने बताया कि बैरियर प्रभारी ही यह बसूली करबाते हैं। और छोटी मोटी रसीद काट देते हैं। तथा बाकी पैसा अपनी जेबों में भरकर सरकार को चूना लगाते हैं। सूत्रों के अनुसार बैरियर प्रभारी ऊपर लाखों की बोली लगाकर पोस्ट प्राप्त करते हैं। लेकिन इन बातों की बदनामी सीधे-सीधे प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को उठानी प? रही है। क्योंकि अन्य राज्यों के ट्रक चालक कहते फिरते हैं। कि बिना सरकार के मिली भगत के सरेआम ऐसी लूट कैसे संभब है। सूत्रों से जानकारी के अनुसार अब तंग आकर कई ट्रक बाले आर-पार का मू? बना रहे हैं। स्थिति सामान्य बनाये रखने के लिये अब स्थानीय प्रशासन और पुलिस को इन बैरियरों पर हो रही अबैध बसूली पर लगाम लगाने की जरूरत है। क्योंकि ऐसे ही कारणों से पूर्व में सिकन्दरा बैरियर पर गोलीबारी और खरई बैरियर पर तो एक की जान भी जा चुकी है। ट्रक बालों की शिकायत पर अब इस गोरखधंधे को बंद कराने के लिये कांग्रेस पार्टी भी मैदान में आ रही है। शिवपुरी जिला कांग्रेस कमैटी के प्रवक्ता विजय चौकसे ने बताया कि शिवराज सरकार की नाक के नीचे हो रही इस अबैध बसूली को रोकने के लिये ट्रक बालों को न्याय दिलाने के लिये कांग्रेस पार्टी जिला कलेक्टर एबं पुलिस अधीक्षक महोदय को ज्ञापन देगी और जल्द ही अगर इन बैरियर प्रभारियों पर कार्यबाही कर अबैध बसूली को नहीं रोका गया तो आन्दोलन किया जायेगा बैसे शिवराज के राज में हो रही इस अबैध बसूली को रोकने के लिये मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को खुद ध्यान देना चाहिये।



## रोटरी क्लब व इनरव्ही क्लब ने अंकुर अभियान के तहत शिवपुरी क्लब में लगाए पौधे

**शिवपुरी।** प्राकृतिक पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए अंकुर अभियान के तहत समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब व इनरव्हील क्लब शिवपुरी के द्वारा संयुक्त रूप से रविवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयेजन स्थानीय शिवपुरी क्लब परिसर में किया गया। जहाँ कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए रोटरी क्लब अध्यक्ष आशीष जैन व सचिव सुशील गोयल व इनरव्हील क्लब अध्यक्षा श्रीमती रेणु सांखला व सचिव श्रीमती नीतू गोयल ने बताया कि जिला कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह के निर्देशन में इन दिनों अंकुर अभियान के तहत पौधरोपण करने का अभियान चलाया जा रहा है जिसमें रोटरी व इनरव्हील क्लब द्वारा योगदान देते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन में शिवपुरी क्लब परिसर में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में यहां दर्जन भर से अधिक हरे-भरे छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया गया। यहां पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने समस्त रोटरी व इनरव्हील क्लब के इस प्रयासा की सराहना कि उन्होंने शहर के बीचों बीच इस वर्षों पुराने स्थान को हरित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से यहां पौधरोपण किया, निश्चित ही कोरोना काल में जहां आमजन को मशीन रूपी ऑक्सीजन ने यह सबक दिया है कि हमें पौधों का संरक्षण कर बढ़ावा देना है ताकि वह वृक्ष बनकर प्राकृतिक ऑक्सीजन समस्त प्राणियों को प्रदाय कर सकें।



## एकता शर्मा बनी मध्यक्षेत्रीय ब्राह्मण सभा की नगर अध्यक्ष



शिवपुरी।

मध्य क्षेत्रीय ब्राह्मण सभा के प्रदेशाध्यक्ष देवेन्द्र मलैया की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष पं. रामकुमार भार्गव व महिला संगठन अध्यक्ष सरोज भार्गव ने नगर अध्यक्ष के लिए एकता शर्मा को नियुक्त किया गया हैं। एकता शर्मा ने अपनी नियुक्ति पर संगठन के समस्त पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि संगठन के कार्य में में बखूबी आगे बढ़ाने का प्रयास करूंगी। इस अवसर पर एकता शर्मा के नगर अध्यक्ष बनने पर उनको उनके ईष्ट मित्र एवं शुभचिन्तकों ने बधाई दी हैं। बधाई देने वालों में अनिल भार्गव एडवोकेट, अमित भार्गव, विकास दंडौतिया, राजकुमार शर्मा, लालू शर्मा, किरन कुमार शर्मा, पंकज भार्गव, दयाशंकर पाण्डे आदि शामिल हैं।

## शिवपुरी पुलिस ने 315 क्वार्टर देशी शराब के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन मेंअवैध मादक पदार्थो के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खनियाधाना द्वारा अवैध 315 क्वार्टर देशी शराब कीमती करीब 26000रु के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया।थाना प्रभारी खनियाधाना तिमेश छारी को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कफार मे एक व?यक्ति अपने ढावे पर अवैध शराब रखकर बेच रहा है, उक?त सूचना पर से थाना प्रभारी खनियाधाना द्वारा वरिष्ट अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम को मुखबिर के बताए स्थान पर रबाना किया, पुलिस टीम मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर दबिश दी, दबिश के दौरान मुखबिर के बताए ढावे पर ढावा संचालक आरोपी से अबैध शराब के संबंध मे पूछताछ कर ढाबे मे रखे 315 क्वार्टर देशी शराब कीमती करीब 26000 रु. विधिवत जप्त की गई, बाद आरोपी को थाने लाकर उसके बिरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।



## 11 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंधित बैठक आयोजित



**शिवपुरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार आगामी नेशनल. लोक अदालत का आयोजन 11 सितम्बर 2021 द्वितीय शनिवार) को किया जाएगा। इसी क्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष विनोद कुमार की अध्यक्षता में गत दिवस विद्युत विभाग के अधिकारीगण एवं अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विद्युत विभाग के मुकदमापूर्व प्रकरण तथा न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का निराकरण किये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। नेशनल लोक अदालत में सभी प्रकार के समझौता योग्य प्रकरणों जैसे सिविल, फौजदारी, विद्युत, परिवार विवाद, श्रम, मोटर दुर्घटना, भू-अर्जन एवं राजस्व आदि का आपसी राजीनामा एवं समझौते के आधार पर निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा चेक बाउंस, धन रिकवरी, श्रम विवाद, विद्युत एवं जल कर आदि के वाद पूर्व मामलों (प्रीलिटिगेशन स्तर पर) का निराकरण भी किया जाएगा।इसके साथ ही नेशनल लोक अदालत में विद्युत तथा नगरपालिका के जलकर एवं सम्पत्ति कर के न्यायालय में लंबित प्रकरणों तथा ऐसे मामले जोकि न्यायालय में लंबित नहीं है अर्थात प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व मामले) प्रकरणों का भी निराकरण किया जावेगा। इसके साथ ही बैंक, विद्युत विभाग तथा नगरपालिका से संबंधित प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी। ऐसे पक्षकार जोकि दिनांक 11 सितम्बर, 2021 (द्वितीय शनिवार) को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अपने प्रकरण का निराकरण कराना चाहते हैं, अपने नजदीकी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में संपर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## हार जीत का दांव लगाते 8 जुआरी दबोचे,3 लाख रुपये जब्त

### शिवपुरी पुलिस द्वारा जुआ खेलते हुए 8 आरोपियों को दबोचकर 304180 रू की नगदी की जप्त

शिवपुरी।

फिजीकल उनि.कृपाल सिंह राठौर को मुखबिर द्वारा थाना क्षेत्र में जुआ संचालित होने की सूचना मिली, पुलिस अधीक्षक शिवपुरी राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन में पुलिस टीम बनाकर मुखबिर के बताए स्थान पर रवाना किया, पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान राजेश्वरी विल्डिंग मटेरियल शिवपुरी दुकान पर पहुंचकर पाया कि कुछ लोग हार-जीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे थे, जिन्हें पुलिस टीम की मदद से चारों तरफ से घेराबंदी कर दबिश दी मौके से 8 आरोपियों को दबोचकर उनके कब्जे से 304180 रू की नगदी एवं एक 52 पत्ते की ताश की गड्डी जप्त कर उनके विरुद्ध थाना फिजीकल पर जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

### पकड़े गए आरोपी

नीरज राठौर, नारायणी यादव,राजू गोयल अनूप अग्रवाल ,अंकित सांखला ,राकेश राठौर, शिव कुमार धाकड़, अजीत अग्रवाल उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली,थाना प्रभारी फिजीकल उनि. कृपाल सिंह राठौर, उनि. सुमित शर्मा, उनि. विनोद यादव, प्रआर. संतोष यादव, आर. नरेश यादव, भूपेन्द्र यादव, पुष्पेन्द्र रावत, मुकेश परमार, दीपक जाटव, आर.चा. रामदीप पराशर, राजेश मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही ।



# नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष का स्वागत




भिण्ड। जिले में नवनियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष युवा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य मान सिंह कुशवाहा का जिले में प्रवेश करते ही सभा मंच तक फल एवं फूल मालाओं से ऐतिहासिक स्वागत किया गया। इस दौरान उनके साथ,गोहद विधायक मेवाराम जाटव, जिला पंचायत अध्यक्ष रामनारायण हिंडोलिया, नवनियुक्ति कांग्रेस शहर अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा, कांग्रेस महासचिव खिजर मोहम्मद कुरेशी, डॉक्टर राज कुमार देशलहरा के अलावा सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता बाइकों पर कांग्रेसी झंडा लहराते हुए नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस जोशीले स्वागत में ग्वालियर से भिंड जिले में प्रवेश करते ही मालनपुर, गोहद, मेहगांव एवं नगर भिंड में भव्य स्वागत किया गया। कहीं पर फलों से तोल कर तो कहीं फूल मालाओ से लाद दिया गया। इस दौरान उनके के साथ लग्जरी गाड़ियों का काफिला चल रहा था। काफिले में कांग्रेस पूर्व भिंड दतिया लोकसभा प्रत्याशी देवाशीष जरारिया, राहुल भदोरिया, प्रमोद शुक्ला प्रदेश सचिव किसान कांग्रेस, अनुरूद प्रताप सिंह, पिंकी भदोरिया, कांग्रेस जिला सचिव राहुल कुशवाह, संदीप मिश्रा, ममता मिश्रा, बृजेंद्र सिंह कल्लू, रेखा भदौरिया, अंशू अरेले, कांग्रेस पिछड़ा वर्ग ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष राठौर आदि साथ थे।

### काफिले में लगा रहा एक घंटा जाम, एसपी पहुंचे मौके पर

कांग्रेस के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष का काफिला दोपहर करीब 12 बजे ग्वालियर से रवाना हुआ और यह काफिला करीब चार बजे भिंड के दबोहा की पुलिया पर पहुंचा। इसी समय भिंड कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस व भिंड एसपी मनोज कुमार सिंह, पीएससी एग्जाम सेंटरों का निरीक्षण करने के बाद लौटे तो वो भी इस जाम में फंस गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक करीब एक घंटे से यह जाम लगा रहा। जाम में वाहनों की बढ़ती कतार को देखते ही पहले पुलिस कंट्रोल रूम से अफसरों के फंसे होने का प्वाइंट चलाया गया। जाम को खुलवाने में पुलिस के जवान मशक्कत कर रहे थे, तभी एसपी मनोज कुमार सिंह भी सरकारी वाहन से उतर आए। इसके बाद उन्होंने भी जाम को खुलवाना शुरू किया। इसके बाद रैली में शामिल वाहनों को एक साइड करके पीछे से आने वाले वाहनों को निकलवाया गया।

### 22 मोबाइल, 50 हजार रुपए चोरीः

जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह लालू का के काफिले में चोरी की वारदातें घटित हुई। कार्यक्रम की भीड़ में चोर गिरोह के बदमाशों ने 22 लोगों की जेब से मोबाइल और 50 हजार रुपए से अधिक नकदी चोरी कर ली। सुभाष तिराहा पर रणवीर सिंह परिहार, गजेंद्र सिंह सहित चार लोगों के मोबाइल एक साथ जेब से निकाल लिए। थोड़ा आगे बढ़े तो पुरानी मंडी के सामने रोड पर स्वागत के दौरान पवन कुमार शाक्य, राजवीर खन्ना, सतेंद्र कुशवाह, मुकेश कुमार शाक्य के मोबाइल और राजकुमार के 6300 रुपए जेब से चोरी हो गए। कार्यकर्ताओं ने सौरभ पुत्र हेमराज सिंह और अतुल कुमार निवासीगण जसवंत नगर यूपी को चोरी के शक में पकड़ लिया। दोनों के साथ जमकर मारपीट की। बाद में उन्हें सिटी कोतवाली पुलिस को सौंपा गया। कार्यकर्ताओं ने थाने में मोबाइल चोरी का आवेदन दिए हैं, लेकिन गिरफ्त में आए बदमाश मुंह नहीं खोल रहे हैं।

## शासकीय तालाब पर दबंगो का कब्जा, ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत फिर भी नहीं हुआ समाधान

### मुख्य मार्ग पर कीचड़ में धंसकर निकलने को मजबूर ग्रामीण, नही होती कोई सुनवाई



भिण्ड। जिला मुख्यालय से आठ किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत कचोगरा के मजरा रूपसहाय के पुरा का मुख्य मार्ग पर वर्षाती पानी भरने से ग्रामीणों को दलदल में धंसकर दैनिक कार्यो में मुसीबतों का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के शासकीय प्राथमिक विद्यालय के सामने शासकीय तालाब पर दबंगो का कब्जा है जो पूर्व में गांव का पानी उस तालाब में एकत्रित हुआ करता था। दबंगो द्वारा धीरे-धीरे उस तालाब पर अतिक्रमण करना शुरू हुआ तो गांव का पानी स्कूल के सामने मुख्य सडक पर जमा होने लगा जिससे आय दिन कीचड जैसी स्थित निर्मित होने लगी। पूर्व में भी इस मामले को लेकर तात्कालीन जिलाधीश इलैया राजा टी ने गांव मे आकर शासकीय तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराया था। अब दबंगो ने पुनः तालाब पर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया और तालाब का रास्ता मिट्टी से बंद कर दिया। जिससे गांव व वर्षात का पानी सड़को पर जमा होने लगा। आय दिन ग्रामीणों को दलदल में धसकर दैनिक कार्यो में मुसीबतों का सामना करना पड रहा है। गाँव के मुख्य मार्ग पर दलदल जैसी मुख्य समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जनपद सीओ से लेकर कलेक्टर सतीश कुमार से भी कई बार शिकायत कीए लेकिन इस जटिल समस्या का अभी तक कोई समाधान न हो सका। रात्रि में हार खेत जाने के लिए दलदल में धसकर गुजरना होता है जिससे चोट लगने और बीमारियो के संक्रमण बने रहना का खतरा भी अधिक बना रहता है।

## कल भिंड जिले के प्रसिद्ध दंदरौआ धाम पर आएंगे अभिनेता/ भीम सौरभ गुर्जर



मेहगांव। महाभारत में भीम का रोल अदाकर अपनी एक अलग पहचान बनाने वाले रेसलर/अभिनेता सौरव गुर्जर का 27 तारीख को भिंड जिले के प्रसिद्ध मंदिर दंदरौआ धाम पर आगमन हो रहा है, जहां हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना कर महंत श्री श्री 1008 रामदास जी महाराज जी से आशीर्वाद प्रदान करेंगे, तत्पश्चात मेहगांव में गुर्जर किरण पत्रिका के संपादक सरदार सिंह गुर्जर के द्वारा उनका आयोजित प्रेसवार्ता एवं स्वागत सम्मान कार्यक्रम मैं सम्मिलित होंगे। उसके बाद भिंड पहुंचकर और भी कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

## यात्रियों को किराया रेट सूची ज्यादा वसूली, यात्री आक्रोशित



भिण्ड। कोरोना काल की बाद बस सेवा शुरू हुई है बस कंडेक्टर ग्वालियर, भिंड, मुरैना और मौ जाने आने वाले यात्रियों से किराया रेट सूची से ज्यादा किराया वसूल रहे हैं। जिसको लेकर यात्रियों में आक्रोशित है यात्री कई बार इसकी शिकायत भी कर चुके हैं लेकिन परिवहन विभाग द्वारा बसों के अवैध वसूली किराया मांग करने पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है यह बता दें कि बसें कुछ दिन पहले ही शुरू हुई है जिससे बस में सफर करने वाले यात्रियों की जनसंख्या भी बढ़ गई है जिसके चलते बसों में अच्छी खासी सवारी रहती हैं भीड़ का लाभ कंडेक्टर उठा रहे हैं और बस संचालक दोगुना किराया वसूल रहे जबकि करो ना कॉल का पूरा फायदा कंडक्टर बस संचालक ले रहे हैं इससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है अन्य वाहनों से बैठकर जाने पर मजबूर हैं वह दूर मालनपुर क्षेत्र में अप डाउन करने वाले डंपर, ट्रक, मैजिक और दूध के वाहनों में सफर करने पर मजबूर हैं अपनी जान जोखिम में डालकर मजबूरन बैठकर जाना पड़ रहा है गोहद मेहगांव से प्रतिदिन अप डाउन करने वाले मजदूरों का कहना है कि हमें किराया बढ़ने के बाद मजबूरन बस को छोड़कर किसी और वाहनों में आना-जाना करना पड़ रहा है क्योंकि लॉकडाउन में काम कम हो जाने के बाद अपना समय घर पर ही गुजारते रहें जब काम चालू हुआ तो महंगाई की मार से परेशान हैं अपने परिवार का पेट पालने के लिए जान जोखिम में डालकर मजबूरन ट्रक व डंपर अप डाउन करना पड़ रहा है मालनपुर के स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले मालनपुर से भिंड का किराया 50 लगता था लॉक डाउन की बाद अब 100 से 120 किराया वसूला जा रहा है।

## गोविंद दास बने महंत, रामभूषणदास जी ने दिया आशीर्वाद



गोहद। वैसे तो गोहद भगवान श्रीकृष्ण की नगरी है और इसे मिनी वृंदावन के नाम से जाना जाता है गोहद में स्टेट समय से स्थापित रधुनाथ जी मन्दिर वार्ड नंबर 11 में बड़ा बाजार में महंती रस्म कार्यक्रम महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 रामभूषण दास जी महाराज खनेता धाम के कर कमलों से किया गया रधुनाथ जी का मंदिर बा बाजार पर आयोजित महंती रस्म कार्यक्रम खनेता धाम से पधारे आचार्यो द्वारा मंत्रोचारण से आरम्भ हुआ यहाँ महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 रामभूषण दास जी महाराज ने रामदास जी के शिष्य गोविंददास को रधुनाथ जी मंदिर का महंत का पद पगड़ी पहनाकर शॉल देकर यहाँ महामंडलेश्वर रामभूषणदास जी महाराज ने आशीष वचन देते हुए कहा कि संत लोगो की समाज के प्रति महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है सन्त ग्रहस्थ लोगो के पथ प्रदर्शक होते है वो समाज को दिशा देते है बड़ा बाजार स्थित रधुनाथ जी का मंदिर काफी बिख्यात है इस मंदिर ने गोहद में उच्च शिक्षा के लिए स्थान दिया।

## शहर में चल रहे सीवर व पेयजल पाईप लाईन कंपनी ठेकेदारों पर नपा सख्त

### कार्य को लेकर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

भिण्ड। शहर में चल रहे सीवर लाईन और अमृतजल योजना के तहत पेयजल पाईपलाईन पर नगरपालिका ने सख्ती दिखाते हुए कंपनी के ठेकेदारों को नोटिस जारी किए हैं। जिस पर समय-सीमा में कार्य पूर्ण न करने पर टेण्डर नियमों एवं शर्तो पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। ज्ञात हो कि विगत दो वर्षो से शहर में सीवर एवं पेयजल की पाईपलाईन डाली जा रही है जिससे वार्ड के सभी गली मौहल्लों की सड़कें खुदी पड़ी हैं। वहीं पानी बरसने से गली मौहल्लों सहित मुख्य मार्गो की हालत खस्ता हो गई है। जगह-जगह गड्ढे बने गए हैं जो मरम्मत का कार्य किया गया था वहां भी सड़कें धंसक गई और दुर्घटनाएं हो रही हैं। नगरपालिका सीएमओ ने सख्ती दिखाते हुए कंपनियों के ठेकेदार अरविन्द शर्मा व राकेश कुमार मिश्रा को नोटिस दिया है जिसमें बताया कि पेयजल पाइपलाइन एवं सीवर लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है पाईपलाइन बिछाने के बाद रोड़ रेस्टोरेशन कार्य की गति भी बहुत धीमी है जो कि बेहद चिंताजनक विषय है। वर्षा ऋतु प्रारंभ हो गयी है ऐसे में पाइपलाइन खुदाई के उपरांत रेस्टोरेशन का कार्य तत्काल न होने से आमजन को काफी समस्या उत्पन्न होने के साथ-साथ आवागमन बाधित हो रहा है तथा आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। पाइपलाइन बिछाने के उपरांत तत्काल रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करने के उपरांत ही आगे की पाइपलाइन बिछायी जाये तथा रेस्टोरेशन के कार्य में गति लाए तथा इसकी साप्ताहिक योजना निकाय के सहायक यंत्री दीपक अग्रवाल को 01 दिवस में उपलब्ध करायें। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा काम ठीक से ना करने पर लाइसेंस निरस्त करने की भी हिदायत, दो सब इंजीनियर्स को भी नोटिस जारी, साफ सफाई और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नोटिस जारी किए गए। कार्य की समीक्षा कलेक्टर सतीश कुमार एस द्वारा प्रति सप्ताह की जाएगी। नोटिस में बताया गया कि पाइपलाइन बिछाने के कार्य के दौरान आमजन को होने वाली दुर्घटनाओं का संपूर्ण जिम्मेदारी कंपनी की होगी।

## आगजनी करने वालों का अभी तक सुराग नहीं

ग्वालियर। महाराजपुरा थाना क्षेत्र के दीनदयाल नगर गेट के पास स्थित एक दुकान को पूरी तरह राख कर देने वाले बदमाशों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। पीड़ित के रोजगार का साधन जल जाने से परिवार पर भूखों मरने की नौबत आ गई है।प्रशासन द्वारा अभी तक कोई आर्थिक सहायता भी उपलब्ध नहीं कराई गई है। बताया गया है कि मुकेश सिंह भदौरिया पुत्र भगत सिंह भदौरिया विगत कई वर्षो से डी डी नगर गेट के पास अस्थाई रूप से एक दुकान संचालित करता है।जिसमें बीड़ी,सिगरेट, पान और चाय बेच कर अपने परिवार का पालन करता है। 22 जुलाई को आधी रात को अज्ञात लोगों ने उसके ठेले में आग लगा दी, जिससे दुकान में रखा एक लाख से अधिक राशि का सामान राख हो गया।पीड़ित मुकेश ने सुबह महाराजपुरा थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आगजनी की रिपोर्ट तो दर्ज कर ली है,पर घटना करने वालों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है।गरीब दुकानदार को प्रशासन अथवा अन्य किसी के द्वारा कोई आर्थिक मदद भी नहीं मिल पाई है।अचानक रोजगार बर्बाद हो जाने से मुकेश के परिवार पर गंभीर आर्थिक संकट आ पड़ा है। प्रबुद्ध नागरिकों ने सम्पन्न तबके,प्रशासन और जन प्रतिनिधियों से पीड़ित की यथासंभव मदद करने की अपील की है।

## दो सत्रों में आयोजित हुई राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा



भिण्ड। राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा रविवार को दो सत्रों में आयोजित कराई गई। पहला सत्र सुबह 10 से 12 बजे तक और दूसरा सत्र दोपहर 2.15 से 4.15 बजे तक आयोजित किया गया। इसके लिए जिलेभर में 16 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्र पर प्रवेश के दौरान. कोविड नियमों का पूरा ख्याल रखा गया। हर परीक्षार्थी का बॉडी के तापमान की जांच की गई। इसके अलावा परीक्षा केंद्र के बाहर अभ्यर्थी के मौजे, जूते चप्पल, हेयर क्लिप, मोबाइल और बैगों को रखवाया गया। परीक्षा केंद्रों पर में प्रथम सत्र में प्रवेश की अनुमति 9.30 बजे तथा द्वितीय सत्र में प्रवेश 1.45 बजे से रही। इस दौरान परीक्षा केंद्रों पर पर्यवेक्षकों के अलावा प्रशासन अफसरों की मुस्तैदी देखी गई। परीक्षा केंद्र पर जूते मौजे पहनकर आना प्रवेश वर्जित रहा। चेहरे को ढंककर परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित हशरहा, लेकिन मास्क अनुवार्य रहा। एसेसरीज जैसे बालों को बांधने का क्लेचर, बक्कल, घड़ी, हाथों में पहने जाने वाले किसी भी प्रकार बैंड, कमर में पहने जाने वाले बेल्ट, धूप में पहने जाने वाले चश्में, पर्स, वॉलेट एवं टोपी वर्जित है। किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक डिवाइस लाने पर परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया गया।ऐसी कोई वस्तु होने पर कक्ष के बाहर जब्त की गई। परीक्षा के दौरान प्रथम प्रश्न पत्र में 3305 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 1147 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे । द्वितीय प्रश्न पत्र में 3274 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 1178 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे ।

### इन केंद्रों पर बैठे परीक्षा

केंद्रीय विद्यालय, स्वरूप विद्या निकेतन , शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शाउमावि क्रमांक दो, शामावि बुनियादी, जनता कन्या उमावि, विद्यावती कॉलेज, विवेकानंद नर्सिंग कॉलेज, शाउउमावि क्रमांक एक, चौधीरी यदुनाथ सिंह महाविद्यालय, आइपीएस अकादमी, पातीराम शिवहरे महाविघालय, एमजेएस कालेज, बिहारी महाविद्यालय, जैन कॉलेज परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक दो काटनजीन में संक्रमित छात्रों के लिए अतिरिक्त 60 सीटों की व्यवस्था की गई है। लेकिन कोई परीक्षा नहीं बैठा।

## किसानों के साथ धोखाधड़ी के केश में फरार आरोपी को पकड़कर पुलिस ने भेजा जेल

मेहगांव। पुलिस ने दो साल से फरार चल रहे आरोपी प्रमोद शर्मा निवासी गिजोर्रा को पकड़कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा पूरा मामला इस प्रकार हैं (प्रथम सूचना तथ्य ) फरियादी जहान सिंह समिति प्रबंधक प्राथमिक सहकारी संस्था गिजुरी थाना मेहगांव द्वारा एक टाईप सुदा आवेदन पत्र आरोपी प्रमोद कुमार शर्मा सहायक समिति प्रबंधक संस्था गिजुरी एवं रामअवतार शर्मा, तत्कालीन समिति प्रबंधक गिजुर्रा के द्वारा अपनी पदस्थापना के दौरान सहकारी संस्था गिजुर्रा में किसानो के साथ जयकिसान ऋण माफी योजना में धोखाधड़ी अनियमितता एव भ्रष्टाचार किये जाने सयधी पेश किया है उनका विवरण अपराध धारा 420, 467, 468 भादवि पाये जाने से आरोपी प्रमोद कुमार शर्मा समितिक संस्था गिजुर्रा एव रामअवतार शर्मा तत्कालीन समिति प्रबंधक गिजुर्रा के विरुद्ध अपरा कायम कर विवेचना में लिया गया था आरोपी प्रमोद शर्मा को पुलिस ने दो दिन की रिमांड के बाद आज न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

## जनपद सदस्य को बंधक बनाकर मारपीट करने के जुर्म में विधायक सहित आठ लोगों को कोर्ट उठने तक की सजा

भिण्ड। जनपद चुनाव के दौरान एक सदस्य को बंधक बना कर मारपीट करने के मामले में सुनवाई करते हुए भोपाल विशेष न्यायालय द्वारा शनिवार के रोज भिंड विधायक संजीव सिंह संजू सहित उनके पिता व पूर्व सांसद एवं अन्य लोगों को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

ज्ञात हो कि जनपद पंचायत क्षेत्र के वार्ड 9 कनावर के सदस्य की शिकायत पर पूर्व सांसद डॉ. रामलखन सिंह एवं विधायक संजीव सिंह संजू सहित आठ लोगों के खिलाफ जनपद सदस्य को बंधक बनाकर मारपीट करने सहित विभिन्न धाराओं में तहत मामला दर्ज था। लंबे समय से लंबित यह मामला संजीव सिंह कुशवाह के विधायक होने के कारण विशेष न्यायालय भोपाल में चल रहा था, जिसको लेकर शनिवार के रोज सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश ने विधायक संजीव सिंह सहित आठ लोगों को दोषी माना।

## कांग्रेस में कलह

*पंजाब में पिछले कुछ दिनों से चल रही वर्चस्व की जंग का पटाक्षेप हो चुका है। नवजोत सिंह सिद्धू ने पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष की कमान संभाल ली है। कल तक माफी की जिद पर अड़े मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह भी ताजपोशी में शामिल हुए। यह दिखाने के लिए पार्टी एकजुट है और मनमुटाव संगठन के स्तर पर नहीं है। अगर कांग्रेस को लगता है कि यह सब करने भर से सब ठीक हो जाएगा, तो यह उसकी भूल है। अमरिंदर और सिद्धू की जंग में पार्टी ने पंजाब में काफी कुछ खोया है। जो पंजाब एक समय कांग्रेस के लिए सबसे आसान किला माना जा रहा था, अब उसे ही फतह करने में पसीने छूटने वाले हैं। दिल्ली से लेकर पंजाब तक के नेता अगले साल चुनाव में जीत के दावे कर रहे हों, मगर असल में क्या होगा, यह तभी पता चलेगा। पंजाब में कांग्रेस में मची कलह ने  दूसरे राज्यों में जरूर तनाव पैदा कर दिया है। कुछ और राज्यों में भी पार्टी में बगावत के आसार नजर आने लगे हैं। कांग्रेस में नेताओं के बीच आपसी कलह का सिलसिला बढ़ता ही जा रहा है। एक के बाद दूसरे और फिर तीसरे राज्य में पार्टी नेताओं के बीच मतभेद-मनभेद की खबरें लगातार सामने आ रही हैं, जो आलाकमान के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस नेता सचिन पायलट के बीच घमासान चल रहा है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस नेता टीएस सिंह देव के बीच मतभेद बना हुआ है। महाराष्ट्र में राज्य के पार्टी प्रमुख भाई जगताप के खिलाफ विधायक जीशान सिद्दीकी ने मोर्चा खोला हुआ है। वहीं, केरल में पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी और वरिष्ठ नेता रमेश चेन्नीथला समेत कई नेता आलाकमान से नाराज हैं। इसके अलावा यहां एर्नाकुलम से कांग्रेस सांसद हिबी एडेन खुद राहुल गांधी से नाराज हैं। राजस्थान में कांग्रेस की मुसीबत विपक्ष से ज्यादा उसके अपने ही नेता बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच तनातनी बढ़ती ही जा रही है। सचिन पायलट ने अब से करीब एक साल पहले यानी पिछले साल जुलाई में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ खुलेआम बगावत कर दी थी और अब पिछले माह उन्होंने फिर बगावती तेवर दिखाए। जैसे-तैसे उन्हें मनाया गया। लेकिन वे वाकई मान गए, यह कहना गलत होगा। झारखंड में कांग्रेस में अनबन शुरू हुई तो थम नहीं रही। झारखंड सरकार से नाराज चल रहे कांग्रेस के चार विधायक इस बारे में दिल्ली में हाईकमान से मिल भी चुके हैं, मगर उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला।   छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और टीएस सिंह देव के बीच विवाद कोई नई बात नहीं है। हालांकि, अभी यहां शांति है, मगर अंदरूनी स्तर पर कलह दिखाई पड़ रही है। कई मामलों में एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी हो या फिर एक दूसरे के मामलों में दखल देना अक्सर चर्चा की वजह बन जाता है। उत्तराखंड में भी कांग्रेस में सब ठीक नहीं है। यहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं, जबकि पार्टी कई गुटों में बंटी नजर आ रही है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत खेमे के लोग उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनवाना चाहते हैं। खुद रावत कई बार कभी पत्र लिखकर तो कभी सोशल मीडिया के जरिए आलाकमान के फैसलों पर सवाल खड़े कर चुके हैं। कांग्रेस इस बात को अच्छे से जानती है कि उसका मुकाबला भाजपा से है। अगर केंद्र की सत्ता पानी है तो उसे राज्यों में संगठन मजबूत बनाना होगा। कैडर तैयार करना होगा। मगर वह यही नहीं कर पा रही है।*

# 24 जुलाई को पुण्य तिथि पर विशेषः नरसिंहगढ़ रियासत के राजकुमार कुंवर चैन सिंह


### नरसिंहगढ़ रियासत के राजकुमार कुंवर चैन सिंह की पुण्य तिथि

### दशहरा वाले बाग़ स्थित स्मारक पर होगा सादगीपूर्ण समारोह

### दिया जाएगा गार्ड आफ आनर, किया जाएगा पुण्य स्मरण

**रघुवर दयाल गोहिया**

भोपाल/सीहोर। मध्य प्रदेश में भोपाल के निकट स्थित नरसिंहगढ़ रियासत के राजकुमार कुंवर चैन सिंह 24 जुलाई 1824 को अंग्रेज हुकूमत के विरुद्ध लड़ते हुए अपने 54 विश्वस्त साथियों के साथ वीर गति को प्राप्त हुए थे। इनमें हिम्मत खां और बहादुर खां के नाम प्रमुख हैं।1857 के सशस्त्र स्वाधीनता संग्राम से लगभग 33 वर्ष पूर्व की यह घटना कुंवर चैन सिंह को मालवा अंचल के पहले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में प्रतिष्ठित करती है। शहीद चैन सिंह को लेकर भोपाल दूरदर्शन केंद्र ने कुछ साल पहले एक शार्ट मूवी भी प्रदर्शित की थी। संवत 1951 में बुद्धा सिंह ने *कुंवर चैन सिंह जी का ख्याल* नाम से भी एक पुस्तक लिखी है। जिसमें सीहोर में हुए युद्ध का विस्तार से वर्णन है। इसी प्रकार स्व. सूर्यनारायण सक्सेना और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. प्रलयंकरजी ने भी इस विषय पर महत्वपूर्ण पुस्तकें लिखी हैं। यह पुस्तकें अंबादत्त भारतीय स्मृति पत्रकारिता संग्रहालय एवं शोध संस्थान में सुरक्षित हैं। इसके अलावा इनोवेंट सेडेट स्टूडेंट सोसायटी भोपाल ने साल 2013 में शहीद भवन के सभागार में ÷अलख÷ नाम से एक नाटक का मंचन भी किया था। जिसका निर्देशन प्रखर सक्सेना ने किया था। इस नाटक में चैन सिंह की सशक्त भूमिका शाजापुर जिले की कालापीपल तहसील के युवा रंगकर्मी प्रशांत विलय ने निभाई थी। चैन सिंह पर



अनेक लोगों ने काफी कुछ लिखा है। इसके बाद भी अभी उनके बारे में गहराई के साथ शोध कार्य होना बाकी है। मध्य प्रदेश सरकार ने वर्ष 2015 से सीहोर स्थित कुंवर चैन सिंह की छतरी पर गार्ड ऑफ ऑनर प्रारम्भ किया है। इस दिन यहां अमर शहीदों का पुण्य स्मरण किया जाता है और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये जाते हैं।7

*फौजी छावनी नहीं होती तो शहादत भी न होती*

सन 1818 में ईस्ट इंडिया कंपनी ने भोपाल रियासत के तत्कालीन नवाब से समझौता कर सीहोर में एक हजार सैनिकों की छावनी स्थापित की। कंपनी द्वारा नियुक्त पॉलिटिकल एजेंट मैडॉक को इन फौजियों का प्रभारी बनाया गया। इस फौजी टुकड़ी का वेतन भोपाल रियासत के शाही खजाने से दिया जाता था। समझौते के तहत पॉलिटिकल एजेंट मैडॉक को भोपाल सहित नरसिंहगढ़, खिलचीपुर और राजगढ़ रियासत से संबंधित राजनीतिक अधिकार भी सौंप दिए गए। बाकी तो चुप रहे, लेकिन इस फैसले को नरसिंहगढ़ रियासत के युवराज कुंवर चैन सिंह ने गुलामी की निशानी मानते हुए स्वीकार नहीं किया।



अमर शहीद कुंवर चैनसिंह का स्मारक...

### अंग्रेज परस्त दीवान और मंत्री की हत्या का आरोप

रियासत के दीवान आनंदराम बख्शी और मंत्री रूपराम बोहरा अंग्रेजों से मिले हुए थे। यह पता चलने पर कुंवर चैन सिंह ने इन दोनों को मार दिया। मंत्री रूपराम के भाई ने इसकी शिकायत कलकत्ता स्थित गवर्नर जनरल से की, जिसके निर्देश पर पॉलिटिकल एजेंट मैडॉक ने कुंवर चैन सिंह को भोपाल के नजदीक बैरसिया में एक बैठक के लिए बुलाया। बैठक में मैडॉक ने कुंवर चैन सिंह को हत्या के अभियोग से बचाने के लिए दो शर्तें रखीं। पहली शर्त थी कि नरसिंहगढ़ रियासत, अंग्रेजों की अधीनता स्वीकारे। दूसरी शर्त थी कि क्षेत्र में पैदा होनेवाली अफीम की पूरी फसल सिर्फ अंग्रेजों को ही बेची जाए।

### सीहोर आने का दिया आदेश

कुंवर चैन सिंह द्वारा दोनों ही शर्तें ठुकरा देने पर मैडॉक ने उन्हें सीहोर पहुंचने का आदेश दिया। अंग्रेजों की बदनीयती का अंदेशा होने के बाद भी कुंवर चैन सिंह नरसिंहगढ़ से अपने विश्वस्त साथी सारंगपुर निवासी हिम्मत खां और बहादुर खां सहित 54 सैनिकों के साथ सीहोर पहुंचे। जहां पॉलिटिकल एजेंट मैडॉक और अंग्रेज सैनिकों से उनकी जमकर मुठभेड़ हुई। कुंवर चैन सिंह और उनके मुट्ठी भर विश्वस्त साथियों ने शस्त्रों से सुसज्जित अंग्रेजों की फौज से डटकर मुकाबला किया। घंटों चली लड़ाई में अंग्रेजों के तोप खाने ओर बंदूकों के सामने कुंवर चैन सिंह और उनके जांबाज लड़ाके डटे रहे।

### अष्ट धातु की तोप काट दी थी तलवार के प्रहार से

ऐसा कहा जाता है कि युद्ध के दौरान कुंवर चैन सिंह ने अंग्रेजों की अष्ट धातु से बनी तोप पर अपनी तलवार से प्रहार किया जिससे तलवार तोप को काटकर उसमे फंस गई। मौके का फायदा उठाकर तोपची ने उनकी गर्दन पर तलवार का प्रहार कर दिया जिससे कुंवर चैन सिंह की गर्दन रण भूमि में ही गिर गई और उनका धड़ काफी देर तक लड़ता रहा। कुंवर चैन सिंह की धर्म पत्नी कुंवरानी राजावत जी ने उनकी याद में नरसिंहगढ़ स्थित परशुराम सागर के पास एक मंदिर भी बनवाया जिसे कुंवरानी जी के मंदिर के नाम से जाना जाता है।

### भारत जोड़ो आन्दोलन की महती भूमिका

नरसिंहगढ़ रियासत के राजकुमार कुंवर चैन सिंह की स्मृति को अक्षुण बनाए रखने में भारत जोड़ो आन्दोलन के संस्थापक संयोजक डा. बलबीर तोमर और साथियों का महत्वपूर्ण योगदान है। उनके बिना इस आयोजन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। शनिवार को कुंवर चैन सिंह स्मारक पर संगठन के माध्यम से कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया है। इसी प्रकार नरसिंहगढ़ में भी इसी दिन चैन सिंह के समाधि स्थल पर कार्यक्रम होंगे।

# कहानी चंद्रमोहीम के जनक की

**कल्पना पांडे**

सबसे शक्तिशाली रॉकेट सैटर्न वी का आविष्कार महान जर्मन वैज्ञानिक ब्राउन ने किया था। ब्राउन अंतरिक्ष यात्रा मिशन के जनक थे। 1969 में, ब्राउन ने एक नायक के रूप में दुनिया भर में ख्याति प्राप्त की। %सैटर्न वी' नील आर्मस्ट्रांग और एल्ड्रिन बज़ को चाँद पर ले गया और उन्हें वहाँ पहुँचने वाले पहले व्यक्ति बने। लेकिन मीडिया में कहीं भी यह उल्लेख नहीं किया गया कि वह एक पूर्व नाजी थे। ब्राउन ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान रॉकेट द्वारा लंदन पर विस्फोटकों की बारिश करने की योजना बनाई थी। वह एक साधारण नाजी कार्यकर्ता नहीं था, बल्कि एक उच्च पदस्थ एसएस अधिकारी था जो हेनरिक हिमलर के बहुत करीब था। वह एक ऐसी शक्ति का हिस्सा था जिसने लोगों को गुलाम बनाया और इस्तेमाल किया और मार डाला। फिर भी अमेरिका ने इस राक्षस के लिए अपने दरवाजे खोल दिए। यह युद्ध अपराधी अमेरिका की सबसे बड़ी हस्तियों में से एक और मैन ऑन द मून प्रोजेक्ट का प्रमुख बन गया। वॉन ब्राउन अमेरिका के हीरो बने। वह एक प्रतिभाशाली वैज्ञानिक थे और उन्होंने अपनी प्रतिभा के उपयोग के लिए कड़ी मेहनत की. उसके पापों का हिसाब उसकी प्रतिभा से कभी नहीं लिया गया। उसने कभी अपना गुनाह कबूल नहीं किया। ऐसा नहीं लगा कि उसे इसका पछतावा है।

वार्नर वॉन ब्राउन का जन्म 1912 में एक धनी जमींदार परिवार में हुआ था। परिवार से कई सरकारी सेवा या सेना में थे। ब्राउन के पिता को उम्मीद थी कि वह भी कुछ ऐसा ही करेगा। जब से राइट बंधुओं ने पहला हवाई जहाज बनाया और उड़ाया, तब से इस बात की बहुत चर्चा हो रही है कि मनुष्य आगे किस अवस्था में पहुँचेगा। जब ब्राउन युवा थे, अंतरिक्ष यात्रा कई हास्य पुस्तक लेखकों और फिल्म निर्माताओं का पसंदीदा विषय था। जब वह तेरह वर्ष का था, ब्राउन के माता-पिता उसके लिए एक दूरबीन लाए। जब से उन्होंने हरमन ओबर्थ की किताब, रॉकेट इन इंटरप्लेनेटरी स्पेस को पढ़ा, तब से उनमे इसकी दिलचस्पी जागी। 1920 के दशक में बर्लिन शहर में रॉकेट साइंस और अंतरिक्ष यात्रा को लेकर काफी उत्सुकता थी। सभी के पास अंतरिक्ष यान की तस्वीरें थीं। कई अन्य बच्चों की तरह युवा ब्राउन में अंतरिक्ष यात्रा का रोमांच पैदा हुआ, शोध करने और अधिक जानने की इच्छा। वह इस कल्पना को हकीकत में बदलना चाहते थे।

उन 16 साल के थे जब मैक्स वैलियर ने बर्लिन में अपनी क्रांतिकारी रॉकेट-कार का अनावरण किया। रॉकेट कार ईंधन के धमाके के साथ 230 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ी। 18 साल की उम्र में उन्होंने बर्लिन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एरोनॉटिकल इंजीनियरिंग में प्रवेश लिया। राकेट विज्ञान उस समय एक नया और बहुत ही जटिल विषय था। ब्राउन कुछ बड़ा करना चाहता था। अपने खाली समय में, वह एमेच्योर जर्मन सोसाइटी फॉर स्पेस ट्रैवल नामक एक छोटे से संगठन में शामिल हो गए। यह विज्ञान कथा लेखकों और कुछ शौकिया विज्ञान प्रेमियों का एक समूह था जो शराब का उपयोग करके छोटे और बड़े प्रयोग करते थे। ब्राउन और उसके साथियों ने सैन्य हथियारों का इस्तेमाल करते हुए एक बहुत ही कच्चा रॉकेट बनाया। उसने इतने रॉकेट बनाए लेकिन उनमें से कोई भी उड़ नहीं पाया। हालांकि विभिन्न मिश्रणों का उपयोग किया गया था, पर वो उड़ने से पहले ही ढेर हो जाते.

लेकिन इस असफलता ने उन्हें मूलभुत बातें सीखने में मदद की। वॉन ब्राउन और उनके शौकिया दोस्त के लिए सबसे बड़ी चुनौती रॉकेट को ध्वस्त हुए बिना जमीन से गुरुत्वाकर्षण की विपरीत दिशा में उड़ना था। कभी-कभी रॉकेट थोड़ा ऊंचा उड़ता था, लेकिन जब यह दुर्घटनाग्रस्त हो जाता था, तो इन लोगों को नुकसान के कारण छिप जाना पड़ता था। ब्राउन ने यह धारणा बनाई कि इस समूह के अधिकांश लोग बेरोजगार थे, उनमें से कुछ को तकनीकी ज्ञान था। वे इस इंतजार मे रहते कि कोई उन्हें आर्थिक मदद दे। 1932 के वसंत में, रॉकेट सोसाइटी ने लॉन्च के लिए अपना नया रॉकेट, मिराक 2 बनाया। भीड़ में रॉकेट साइंस में दिलचस्पी रखने वाले जर्मन सैन्य अधिकारी कैप्टन वाल्टर भी थे। जो ऐसे शौकिया विज्ञान समूहों से नई प्रतिभाओं की तलाश में रहते थे। जब बंदूकें लगीं और उनकी सीमाओं का एहसास हुआ, तो सेना का ध्यान अधिक घातक मिसाइलों और लंबी दूरी की मिसाइलों और रॉकेटों पर था।

# झुंझुनू के शहीदों ने लिखी है शौर्यगाथा

**रमेश सर्राफ धमोरा**

उक्त कहावत को चरितार्थ किया है झुंझुनू जिले के वीर जवानो ने। इस वीर भूमि के रणबांकुरों ने जहां स्वतंत्रता पूर्व के आन्दोलनो में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया वहीं स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद की लड़ाइयों में भी इस धरती की माटी में जन्मे सेनानियों ने हंसते हुये अपने प्राणे की आहूतियां दी है। यहां की धरती ने सदियों से जन्म लेते रहे सपूतों के दिलों में देशभक्ति की भावना को प्रवाहित किया हैं।

शहादत देना राजस्थान के लागों की परम्परा रही है। यहां के गांवो में लोक देवताओं की तरह पूजे जाने वाले शहीदों के स्मारक इस परम्परा के प्रतीक हैं। 22 साल पहले कारगिल युद्ध तो हमने जीत लिया। लेकिन शहीदों के परिवारों के सामने कई समस्यायें अभी भी मुंह बायें खड़े हैं। इस जिले के वीरों ने बहादुरी का जो इतिहास रचा है उसी का परिणाम है कि भारतीय सैन्य बल में उच्च पदों पर सम्पूर्ण राजस्थान की ओर से झुंझुनू जिले का ही वर्चस्व रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे यहां की धरती को यह वरदान प्राप्त हो कि इस पर राष्ट्रभक्ति के के लिये मर मिटने वाले लाडेसर ही जन्म लेते हैं। 1948 में कश्मीर पर कबायली हमला हो या 1962 का भारत चीन युद्ध। चाहे 1965 व 1971 का भारत-पाक युद्ध। यहां के वीरों ने मातृभमि की रक्षा हेतू सदैव अपना जीवन बलिदान किया हैं। सेना के तीनो अंगो की आन ,बान,शान के लिये यहां के नौजवान सैनिकों के उत्सर्ग को देश कभी भुला नही सकता हैं। इस क्षेत्र के सैनिकों ने भारतीय सेना में रहकर विभिन्न युद्धो में बहादुरी एवं शौर्य की बदौलत जो वीरता पदक प्राप्त कियें हैं। वे किसी भी एक जिले के लिये प्रतिष्ठा एवं गौरव का विषय हो सकता हैं। सीमा युद्ध के अलावा जिले के बहादुर सैनिकों ने देश मे आंतरिक शान्ति स्थापित करने में भी सदैव विशेष भूमिका निभाई हैं। सीमा संघर्ष एवं नागा होस्टीलीटीज हो या आपरेशन ब्लूस्टार या श्रीलंका सरकार की मदद हेतु किये गये आपरेशन पवन अथवा कश्मीर में चलाया गया आतंकवादी अभियान रक्षक या कारगिल युद्ध। सभी अभियान में यहां के सैनिको ने शहादत देकर देश में जिले का मान बढ़ाया हैं। प्रारम्भ से ही झुंझुनू जिले में सेना में भर्ती होने की परम्परा रही हैं। पहले यहां के गांवो में प्रायः हर घर में सैनिक होता था। सेना के प्रति यहां के लगाव के कारण अंग्रेजो ने यहां एक सैनिक छावनी की स्थापना कर 'शेखावाटी ब्रिगेड 'का गठन किया था।  जिले के वीर जवानो को उनके शौर्यपूर्ण कारनामों के लिये समय-समय पर भारत सरकार द्वारा विभिन्न अलंकरणों से नवाजा जाता रहा हैं। अब तक इस जिले के कुल 117 सैनिकों को वीरता पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। जो पूरे देश में किसी एक जिले के सर्वाधिक हैं। भारतीय सेना में योगदान के लिये झुंझुनू जिले का देश में अव्वल नम्बर हैं। वर्तमान में इस जिले के 29 हजार जवान सेना में कार्यरत हैं। वहीं 45 हजार भूतपूर्व सैनिक व अर्द्ध सैनिक बलों के जवान हैं। आजादी के बाद भारतीय सेना की और से राष्ट्र की सीमा की रक्षा करते हुये यहां के 468 जवान शहीद हो चुके हैं।

## सत्ता और नैतिकता

*सत्ता के संचालन में शक्ति की अपेक्षा रहती है या नहीं, यह एक बड़ा प्रश्न है। शक्ति दो प्रकार की होती है- नैतिक शक्ति और उपकरण शक्ति। नैतिक शक्ति के बिना तो व्यक्ति सही ढंग से प्रशासन कर ही नहीं सकता। उपकरण शक्ति का जहां तक प्रश्न है, एक सीमा तक वह भी जरूरी है। किंतु वह शक्ति का एकमात्र तत्व नहीं है। उससे भी अधिक आवश्यक है- बुद्धि, विवेक, साहस और निर्णायक क्षमता। जिस शासक में ये चारो तत्व नहीं होते, वह सही रूप से सत्ता को संचालित नहीं कर सकता।   एक शासक के पास बहुत बड़ी सेना हो, शस्त्रों का विशद भंडार हो; पर सही समझ न हो और समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता न हो तो शक्ति भी अहितकर बन जाती है। सामान्यत꞉ राष्ट्रीय एवं सामाजिक सत्ता के संचालन में शक्ति तत्व अपेक्षित रहता है, पर वही सब कुछ नहीं है, परम तत्व नहीं है। अधिकारी व्यक्ति की चरित्रनिष्ठा, जागरूकता और जनता की सहानुभूति का योग होने से ही सत्ता के गलियारों को पार किया जा सकता है। किसी एक तत्व की कमी होते ही प्रशासक विवादों के घेरे में खड़ा हो जाता है। उस समय वह सत्ता का संचालन करता है या सत्ता के द्वारा संचालित होता है, कुछ कहना कठिन है।   मर्यादा पुरुषोत्तम राम और रावण का प्रसंग प्रसिद्ध है। रावण की सत्ता से संसार कांपता था, इधर राम वनवासी थे। उनके पास न वैसी सेना थी, न वैसा शस्त्र-बल था। फिर भी उन्होंने रावण की सत्ता को चुनौती दे दी। रावण धराशायी हो गया, क्योंकि उसका चरित्रबल क्षीण हो गया। , सूझबूझ समाप्त हो गई, सही निर्णय लेने की क्षमता चुक गई और उसने जनता की सहानुभूति खोकर गृह-कलह के बीज बो दिए। शक्ति के सहारे सत्ता का संचालन होता तो न रावण मारा जाता और न कौरवों को पराजय का मुंह देखना पड़ता। पिछली सदी तक भारत का शासन-सूत्र अंग्रेज संभाल रहे थे, शक्ति की उनके पास कमी नहीं थी। उनके सामने भारत छोड़ने की विवशता शक्ति की कमी से नहीं थी। ये प्रसंग प्रमाणित करते हैं कि प्रबुद्ध जनता केवल शक्ति के आधार पर शासित नहीं हो सकती।*

# बारिश में बीमारियां, जानिए कैसे बचें

**प्रेमचंद जैन भोपाल**

हमारे देश में बरसात पर फसलें ,जल स्त्रोत आदि निर्भर हैं .बरसात में अनेक बीमारियां का होना लाज़िमी हैं यदि हम उनमे बचाव कर सके तो लाभ प्रद होता हैं .आचार्य चरक ने स्पष्ट कहा हैं ---

आदानदुर्बले देहे पक्ता भवति दुर्बलाः

स वर्षास्वानीलादीनाम  दूषणै बारद्यते पुनः ( चरक संहिता 33/6 अध्याय  )

वर्षस्वाग्निबले क्षीणे कुप्यन्ति पावनादयः .

तस्मात साधारणः सर्वो विधिवर्षारसु शस्यते .

वर्षाकाल में आदानकाल में मनुष्यों का शरीर अत्यंत दुर्बल रहता हैं .दुर्बल शरीर में तो एक तो जठराग्नि दुर्बल रहती ही हैं,वर्षाऋतु आ जाने पर दूषित वातादि दोषों से दुष्ट जठराग्नि और भी दुर्बल हो जाती हैं .इस ऋतू में भूमि से वाष्प (भाप ) निकलने ,आकाश से जल बरसने तथा जल का अम्ल विपाक

होने के कारण  जब अग्नि का बल अत्यंत क्षीण हो जाता हैं तब वातादि दोष कुपित हो जाते हैं .

वर्षाऋतु में  उदमंथ (जल  में घुला सत्तू )दिन में सोना ,ओस गिरते समय उसमे बैठना या घूमना ,नदी का जल ,व्यायाम ,धुप में बैठना और मैथुन छोड़  देना चाहिए .

वर्षाऋतु में खाने पीने की सभी साम्रगी में बनाते समय उसमे मिठास अवश्य मिला लेना चाहिए .वात और वर्षा से भरे उन विशेष शीतवाले दिनों में अम्ल तथा लवण रस वाले और स्नेह द्रव्यों (घृतादि )की प्रधानता भोजन में रहनी चाहिए .जठराग्नि की रक्षा चाहने वाले पुरुषों को भोजन में पुराने जौ,गेंहू चावल का प्रयोग करना चाहिए .वर्षा ऋतू में आकाश का जल ,गरम करके शीतल किया हुआ जल कूप का या सरोवर का जल पीना चाहिए ,देह का घर्षण ,उबटन ,स्नान चन्दन आदि सुंगधित द्रव्यों का प्रयोग और सुगन्धित पुष्प मालाओं का धारण करना हितकर हैं .हलके और पवित्र वस्त्र धारण करना और कलेदरहित सूखे स्थान पर रहना चाहिए ,



बरसात के मौसम में कई सारी बीमारियों का खतरा बहुत अधिक होता है। बारीक कीड़े- मकोड़े के काटने से,गंदा पानी,आसपास काई जमना, पानी एकत्रितहोना जैसी विभिन्न समस्याहोती है। इस वजह से त्वचा संबंधित बीमारियों का खतरा बहुत अधिक होता है। चेहरे के बाद हाथ-पैर पर त्वचा रोग बीमारी का खतरा अधिक होता है। बारिश में बीमारी से बचें और अपनी त्वचा का ख्याल रखें।   बैक्टीरियल संक्रमण - बारिश के मौसम में गंदे पानी, ह्यूमिडिटी की वजह से त्वचा रोग का खतरा बढ़ जाता है। इस वजह से चेहरे पर दाने निकलने लगते हैं, खुजली होती है इस दौरान नाखून से खून निकलने के बाद अगर आसपास खून टच हो जाता है तो वहां भी इंफेक?शन होने लगता है। बारीक-बारीक दाने शरीर के उन हिस्सों पर होते हैं जो खुले रहते हैं। चेहरे परसबसे पहले होते हैं। इसलिए बारिश में त्वचा पर या शरीर पर नमी नहीं होने दें।

एक्जिमा - इसे मेडिकल टर्म में पॉम्फओलिक्स कहते हैं। बारिश के मौसम में यह बीमारी आम बात है। एक्जिमा बीमारी से हाथों, पैरों, हथेलियों में छोटे-छोटे बारीक दाने होने लगते हैं।जिस वजह से शरीर के पोर्स बंद होने लगते हैं। इसलिए बारिश के मौसम में अपनी त्वचा का ख्याल जरूर रखें।फंगल इंफेक्शन - बारिश में फंगल इंफेक्शन से बचकर रहना चाहिए। खासकर डायबिटीज वाले मरीजों को। फंगल इंफेक्शन के कारण दाद की समस्या होने लगती है। गोल-गोल आकार में रिंग की तरह शरीर पर नमी की वजह से होने लगते हैं। दाद होने पर सामान्य से भी अधिक खुजली होती है। इसकी मुख्य वजह है नमी। बारिश के दिनों में सबसे अधिक होती है। आमाशय और पाचन सम्बन्धी रोगों का होना भी आम  बात हैं .जैसे दस्त लगाना ,हैज़ा होना ,पीलिया होना ,मोतीझिरा का होना भी होता हैं .

बीमारी से बचने के उपाय

1.बारिश के मौसम में संक्रमण से बचाव के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहने। बैक्टीरिया शरीर के खुले हिस्से पर होने का खतरा अधिक होता है।

2. अपने चेहरे और हाथ-पैर को साफ पानी से धोते रहे। इससे त्वचा में नमी नहीं बनेगी। साथ ही संक्रमण से बचाव में मदद मिलेगी।

3.बारिश के मौसम में पानी की प्यास बहुत कम लगती है लेकिन फिर भी पानी पीते रहे। अधिक पानी पीने से शरीर की गंदगी यूरिन के साथ निकल जाती है। इस वजह से पानीबहुत अधिक देर तक शरीर पर नहीं जमता है।

# आंखों की जलन से छुटकारा पाना चाहते हैं तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे



अधिक समय तक मोबाइल से चिपके रहने या फिर लैपटॉप पर अधिक समय तक ऑफिस का काम करने जैसे कारणों से आंखों में जलन हो सकती है। खैर वजह चाहें जो भी हो, अगर समय रहते इस समस्या का उपचार न किया जाए तो यह आंखों में खुजली और उनसे पानी निकलने का कारण बन सकती है। आइए आज आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताते हैं जिनकी मदद से आंखों की जलन दूर की जा सकती है।

### ठंडे पानी से करें आंखों की सफाई

आंखों की जलन को दूर करने का यह सबसे प्रभावी और आसान तरीका है। समस्या से राहत के लिए अपनी दोनों आंखों में ठंडे पानी के छीटे मारें। इस दौरान आंखें बंद न करें। ऐसा करने से आंखों में मौजूद धूल-गंदगी निकल जाती है। अगर आपकी आंखों में जलन के कारण सूजन है तो ठंडे पानी से एक-दो दिन तक आंखों को साफ करें या फिर बर्फ को एक सूती कपड़े में लपेटकर इससे आंखों की सिकाई करें।

### ग्रीन टी बैग आएंगे काम

ग्रीन टी में एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं जो आंखों की जलन से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। राहत के लिए सबसे पहले ग्रीन टी के दो बैग को पानी से भिगोएं और फिर इन्हें कुछ मिनट के लिए फ्रिज में रख दें। इसके बाद इन बैग्स को फ्रिज से निकालकर ज्यादा से ज्यादा 10 मिनट तक अपनी आंखों पर रखें। जब तक समस्या दूर न हो जाए तब तक इस उपाय को दोहराते रहें।

### खीरे का करें इस्तेमाल

खीरे का इस्तेमाल करके भी आप आंखों से जुड़ी कई समस्याओं से राहत पा सकते हैं और इसमें आंखों की जलन को ठीक करना भी शामिल है। जलन से राहत पाने के लिए दो से तीन मिनट के लिए खीरे की दो मोटी स्लाइस को ठंडे पानी में भिगोएं और फिर इन्हें 10 मिनट के लिए अपनी बंद आंखों पर रखें। इससे आंखों को ठंडक मिलेगी और जलन धीरे-धीरे कम होने लगेगी।

### एलोवेरा जेल भी है मददगार

एलोवेरा जेल में इम्यूनोमॉड्यूलेटरी नामक एक खास गुण पाया जाता है जो आंखों की जलन और इसके कारण होने वाली खुजली को कम करने में मदद कर सकता है। जब आपको आंखों में जलन की समस्या हो तो एक कटोरी में एक चम्मच ताजा एलोवेरा जेल और एक-दो चम्मच ठंडा पानी अच्छे से मिला लें। इसके बाद रूई को इस मिश्रण में भिगो लें और फिर आंखें बंद करके इसे 10 मिनट के लिए उन पर रख लें।



## 'इंस्पेक्टर अविनाश' में रणदीप हुड्डा के साथ नजर आएंगी उर्वशी रौतेला

उर्वशी रौतेला फैंस के दिलों पर राज करती हैं. एक्ट्रेस अपनी अदाओं का जादू आए दिन फैंस के ऊपर चलाती रहती हैं. इन दिनों एक्ट्रेस अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में हैं. एक्ट्रेस के पास इस वक्त एक के बाद एक कई प्रोजेक्ट्स हैं, जिस वजह से वह बहुत व्यस्त चल रही हैं.अभिनेत्री ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है और बताया कि अपनी आगामी वेब श्रृंखला 'इंस्पेक्टर अविनाश' के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग शुरू कर दी है. आपको बता दें कि उर्वशी के साथ सीरीज में अभिनेता रणदीप हुड्डा नजर आने वाले हैं. क्राइम-थ्रिलर शो सनी देओल-स्टारर 'भैयाजी सुपरहिट' फेम नीरज पाठक द्वारा निर्देशित और जियो स्टूडियो द्वारा ये निर्मित है. इसके अलावा उर्वशी रौतेला ने जीओ स्टूडियो के साथ तीन-प्रोजेक्ट डील साइन की हैं. वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' सुपर-कॉप अविनाश मिश्रा और पूनम मिश्रा पर आधारित एक बायोपिक है. आपको बता दें कि हाल ही में, उर्वशी रौतेला ने अपनी वैनिटी वैन की एक झलक फैंस के लिए साझा की थी, जिसमें वह शूटिंग से ठीक पहले बैठकर अपने कैरेक्टर का अध्ययन कर रही हैं. इसमें अभिनेत्री ने अपने मेकअप और बालों के साथ नीले रंग की पोशाक पहनी है, और उनके माथे को बिंदी से सजाया गया है जैसा कि भूमिका की आवश्यकता है. उन्होंने फोटो के कैप्शन में लिखा, सुबह कि 4.40 बजे इंस्पेक्टर अविनाश के शूट के लिए तैयार . उर्वशी रौतेला के डायरेक्टर जो नीरज पाठक ने सेट पर अभिनेत्री के साथ काम करने का अनुभव व्यक्त किया, उन्होंने कहा, उर्वशी एक अविश्वसनीय रूप से समर्पित, अनुशासित अभिनेत्री हैं और न केवल अपनी भूमिकाओं के प्रति बल्कि अपनी दैनिक जीवन शैली और स्वास्थ्य के साथ भी अनुशासन का पालन करती है. अभिनेत्री एक सख्त रूटीन का पालन करती हैं और उससे पीछे नहीं हटती. उसके अनुशासन और व्यावसायिकता ने उसे अपने खेल में सबसे ऊपर रखा है . इसके साथ ही अगर एक्ट्रेस के आगामी प्रोजेक्ट के बारे में बात करे तो, उर्वशी रौतेला एक बड़े बजट की तमिल फिल्म के साथ अपना तमिल डेब्यू करेंगी, जिसमें वह एक माइक्रोबायोलॉजिस्ट और एक आईआईटीयन की भूमिका निभाएंगी, और बाद में वह एक द्विभाषी थ्रिलर में दिखाई देने वाली हैं।

# पिंक आउटफिट में एक्ट्रेस मोनालिसा का दिखा ग्लैमरस अंदाज



एक्ट्रेस मोनालिसा हमेशा ही अपनी बोल्डनेस के चलते सुर्खियों में रही हैं। वह भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की हॉट एंड बोल्ड एक्ट्रेसेस में शुमार हैं। अबतक के करियर में मोनालिया ने कई हिट भोजपुरी फिल्में दी हैं। एक्टिंग के अलावा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वह आए दिन अपनी हॉट एंड बोल्ड तस्वीरें और वीडियोज फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। अब मोनालिसा ने इंस्टाग्राम पर पिंक आउटफिट में अपनी तस्वीरें बीच पर शेयर की हैं। मोनालिसा पिंक कलर की बीच आउटफिट में काफी स्टनिंग लग रही हैं। उन्होंने अपनी तसवीरों पर कैप्शन दिया है, ऊपर आसमान, नीचे रेत, भीतर शांति.... मोनालिसा के फैंस ने भी उनकी फोटो पर कमेंट की बौछार कर रहे हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो मोनालिसा इन दिनों टीवी शो नमक इस्क का में नजर आ रही हैं। उनके साथ ही इस सीरियल में श्रुति शर्मा और आदित्य ओझा, विशाल आदित्य सिंह भी काम कर रहे हैं। यही नहीं मोनालिसा बिस बॉस का हिस्सा भी रह चुकी हैं और काफी सुर्खियां बटोर चुकी हैं। अंतरा बिस्वास जिन्हें इनके स्टेज नाम मोना लिसा के नाम से भी जाना जाता हैं। उन्होंने भोजपुरी के साथ ही हिन्दी, बंगाली, ओडिया, तमिल, कन्नड़ और तेलुगू फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। ये 2016 में बिग बॉस सीज़न 10 की प्रतिभागी भी रह चुकी हैं इन्होंने हिन्दी फिल्म जयते में आरती नाम की एक लड़की की एक छोटी सी भूमिका निभाई थी और इसी से हिन्दी फिल्मों में कदम रखा था। हालांकि इससे इन्हें कोई पहचान नहीं मिल पाई थी। इसके बाद इन्होंने हमाम फी अंस्टरडम (1998) और जय श्रीराम (1999) नाम की ओडिया में बनी फिल्मों में भी काम किया था। इसके बाद ये दमन (2001) में एक गाने में दिखाई दी थीं। इसके बाद ये रोंग नंबर (2002) नाम की ओडिया फिल्म के अलावा टॉप सम्राट (2003) और अधिकार (2004) जैसी बंगाली फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं।

# संजय लीला भंसाली की फिल्म बैजू बावरा से बाहर हो सकते हैं रणबीर कपूर



बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर इस साल कई फिल्मों को लेकर व्यस्त रहेंगे। हाल में खबर आई थी कि वह मशहूर निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म बैजू बावरा में अहम भूमिका निभाएंगे। अब जानकारी सामने आ रही है कि रणबीर ने इस फिल्म से बाहर होने का फैसला किया है। इस साल की शुरुआत तक यह लगभग पक्का था कि अभिनेता रणबीर क्लासिक फिल्म बैजू बावरा की रीमेक में काम करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, रणबीर ने बैजू बावरा को छोड़ने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि रणबीर इस फिल्म को लेकर काफी दुविधा में थे। सूत्र ने कहा, रणबीर ने भंसाली और फिल्म की टीम को अपने कंफ्यूजन के बारे में बताया था। वह बैजू बावरा और उनकी झोली में आई एक और धर्मा प्रोजेक्ट को लेकर आश्वस्त नहीं थे। रणबीर अब भंसाली के साथ फिर से काम करने के लिए उत्सुक नहीं हैं। सूत्र ने आगे बताया कि बहुत कम लोग जानते हैं कि सांवरिया के दौरान भंसाली के साथ काम करने का रणबीर का बहुत अच्छा अनुभव नहीं था। उन्होंने इस फिल्म के बाद भंसाली के साथ कोई फिल्म नहीं की है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस बात की अधिक संभावना है कि रणबीर इस प्रोजेक्ट से बाहर हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म को लेकर अभी कोई पेपरवर्क नहीं हुआ था। हाल में कार्तिक आर्यन को भंसाली के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया था। इसके बाद से कयास लगाए जा रहे हैं कि फिल्म में रणबीर को कार्तिक आर्यन रिप्लेस कर सकते हैं।

## विद्युत जामवाल ने शुरू की खुदा हाफिज के सीक्वल की शूटिंग



फिल्म खुदा हाफिज के लिए जबरदस्त सफलता हासिल करने के बाद पैनोरामा स्टूडियोज अब खुदा हाफिज चैप्टर 2 अग्नि परीक्षा लेकर आ रहे हैं. फिल्म की घोषणा से उत्साहित फिल्म से जुड़ी टीम ने मुंबई में एक मुहूर्त समारोह के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है. फारूक कबीर के निर्देशन में बन रही इस फिल्म का पहला शेड्यूल मुंबई और उसके बाद लखनऊ में निर्धारित किया गया है. सीक्वल में विद्युत जामवाल और शिवालिका ओबेरॉय की लव स्टोरी को दिखाया जाएगा और इसके ड्रामा और एक्शन को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा. विद्युत जामवाल कहते हैं, सीक्वल हमेशा खास होता है क्योंकि यह आपके द्वारा अतीत में किए गए कार्यों का सुखद प्रमाण है. यह कहानी मुझसे जुड़ी हुई है क्योंकि हर फिल्म के बाद मुझे उत्सुकता होती है कि हैप्पी एंडिंग के बाद क्या होगा. खुदा हाफिज चैप्टर 2 अग्नि परीक्षा सामाजिक दबाव की चुनौतियों के बीच युगल जोड़े की यात्रा का वर्णन करती है, जो बड़ी उथल-पुथल से गुजर चुके होते हैं. पैनोरामा स्टूडियोज़ के निर्माता , अभिषेक पाठक कहते हैं, खुदा हाफिज को मिली शानदार प्रतिक्रिया की सकारात्मकता के साथ अब हम चैप्टर 2 की शूटिंग शुरू कर रहे हैं. हम उम्मीद करते हैं कि हमें फिर उसी तरह का प्यार मिले. हमारे पास अपने दर्शकों के लिए बेहद आकर्षक और रोमांचकारी कहानी है. यह कहानी सर्वश्रेष्ठ एक्शन और इंटेंस ड्रामा से भरपूर होगी. निर्देशक-लेखक, फारूक कबीर कहते हैं, जब मैंने खुदा हाफिज चैप्टर 2- अग्नि परीक्षा की कहानी की कल्पना की।

# अगर आपकी मानसिकता सही है, तो आप ओटीटी पर कुछ बड़ा कर सकते हैं : अमला पॉल



आगामी तेलुगू वेब सीरीज कुडी येदमैथे में एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री अमला पॉल का मानना है कि ओटीटी कल्चर में विकास होने की सबसे अच्छी बात यह है कि अब हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। तमिल और मलयालम फिल्मों से अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत कर चुकीं अभिनेत्री डिजिटल प्लेटफॉर्म में तेजी से हो रहे विकास को लेकर बेहद रोमांचित हैं।

अमला ने बताया, ओटीटी के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि इसके कई सारे रचनात्मक पहलू हैं। इसमें कई अलग-अलग तरह की कहानियां हैं। साल 2020 से मैं जिस तरह के स्क्रिप्ट्स देख रही हूं, वे काफी अलग किस्म के हैं। हर कोई कुछ नया करने के लिए तैयार है।

वह आगे कहती हैं, इसकी एक और खूबी यह है कि अगर आपकी मानसिकता सही है, तो आप अपने लिए यहां कुछ कर सकते हैं। यहां हर किसी के लिए एक मौका है। मुझे थिएटर में जाकर पॉपकॉर्न खाते और कोल्डड्रिंक पीते हुए फिल्म देखने की बहुत याद आती है, इस अनुभव की जगह कोई नहीं ले सकता, लेकिन फिलहाल मेरे ख्याल से वक्त के साथ बहना ही सही है।

अमला की सीरीज अहा वीडियो में स्ट्रिम होगी। वह कहती हैं, वक्त के साथ आगे बढ़ना मुझे पसंद है। बदलाव मेरे लिए काफी जरूरी है और खूबसूरती से इसमें ढल जाती हूं। दुनिया इसी तरह से आगे बढ़ती है। जब टीवी आया, तो रेडियो एक कदम पीछे हो लिया। मैं एक ऐसी पीढ़ी का हिस्सा बनकर खुश हूं, जिसमें मैंने वीसीआर, सीडी, डीवीडी, होम थिएटर, थिएटर और अब ओटीटी का आनंद लेने का मौका मिला है।

# हेयर एक्सटेंशन खरीदते समय इन बातों का रखें खास ध्यान



अगर आपके बाल पतले हैं तो आप उन्हें घना बनाने के लिए हेयर एक्सटेंशन का इस्तेमाल कर सकते हैं। अच्छी बात तो यह है कि इसे लगाने के बाद किसी को इस बात का पता नहीं चलता है कि ये आपके असली बाल हैं या नहीं। हालांकि यह तभी संभव है जब आप सही हेयर एक्सटेंशन को चुनें। आइए आज आपको कुछ ऐसी बातें बताते हैं, जिन्हें ध्यान में रखकर आप सही हेयर एक्सटेंशन का चयन कर सकते हैं।

**सिंथेटिक या ह्यूमन हेयर एक्सटेंशन:** हेयर एक्सटेंशन दो तरीके (सिंथेटिक और ह्यूमन हेयर) के होते हैं। बालों को अधिक घना बनाने के लिए सिंथेटिक हेयर एक्सटेंशन का इस्तेमाल करना बेहतरीन है, लेकिन इस पर हीट स्टाइलिंग नहीं की जा सकती है क्योंकि सिंथेटिक बाल पिघल सकते हैं या जल सकते हैं। यह हेयर एक्सटेंशन सस्ते भीहोते हैं, वहीं, ह्यूमन हेयर एक्सटेंशन महंगे होते हैं, लेकिन इन्हें स्टाइल करना आसान है। इसके साथ ही हीट स्टाइलिंग के लिए यह बेहतर विकल्प माने जाते हैं।

**हेयर एक्सटेंशन के प्रकार पर दें ध्यान:** आजकल मार्केट में कई तरह के हेयर एक्सटेंशन मौजूद हैं और आप अपनी सुविधानुसार इनमें से कोई खरीद सकते हैं। उदाहरण के लिए, सीव-इन एक्सटेंशन से महिलाएं कई हेयर स्टाइल बना सकती हैं और यह महीनों तक आसानी से चल सकते हैं, लेकिन इन्हें खुद बालों में लगाना महिलाओं लिए थोड़ा मुश्किल हो सकता है। वहीं अगर कोई महिला पहली बार हेयर एक्सटेंशन का इस्तेमाल करना चाहती है तो वह क्लिप-इन एक्सटेंशन का चयन करें क्योंकि इसका इस्तेमाल सरल है।


**सही हो एक्सटेंशन की लंबाई:** अपने बालों के लिए हेयर एक्सटेंशन का चयन करते समय महिलाओं को उसकी लंबाई पर जरूर देना चाहिए। हेयर एक्सटेंशन का अर्थ यही है कि वह आपके बालों को लंबा कर सकें। ऐसे में अगर उनकी लंबाई महिलाओं के बालों से भी कम होगी तो उन्हें कभी भी एक अच्छा लुक नहीं मिल पाएगा। हालांकि, अगर इन्हें खरीदने के बाद महिलाओं को ऐसा लगता है कि इसकी लंबाई काफी अधिक है तो वे बाद में इसे थोड़ा काट सकती हैं।

**हेयर एक्सटेंशन का रंग होना चाहिए सही:** मार्केट में कई रंगों के हेयर एक्सटेंशन मिलते हैं। इसलिए अगर कोई महिला अपने लिए हेयर एक्सटेंशन खरीद रही है तो यह जरूर देखें कि वह उनके असली बालों के रंग से काफी मिलता हो। इससे एक्सटेंशन को उनके बालों में मिलने और नेचुरल दिखाई देने में परेशानी नहीं होगी। साथ ही इससे महिला के बाल बेहद ही खूबसूरत लगेंगे। हालांकि, अगर कोई महिला हेयर एक्सटेंशन से फन लुक पाना चाहती हैं तो वह रंग-बिरंगे माइक्रो

## कार्तिक आर्यन ने की नई फिल्म की अनाउंसमेंट, पायलट बन जीतेंगे फैंस का दिल

कार्तिक आर्यन ने अपनी नई फिल्म की अनाउंसमेंट कर दी है. उनकी नई फिल्म का नाम कैप्टन इंडिया है जिसे हंसल मेहता डायरेक्ट कर रहे हैं. कार्तिक ने फिल्म से फर्स्ट लुक शेयर करके इस बात की जानकारी दी है. इस फिल्म की कहानी युद्धग्रस्त देश से भारत के सबसे बड़े और सबसे सफल बचाव मिशन से प्रेरित है. इस फिल्म को रॉनी स्क्रूवाला और हरमन बावेजा प्रोड्यूसर कर रहे हैं. कैप्टन इंडिया में कार्तिक आर्यन एक पायलट के किरदार में नजर आने वाले हैं. कार्तिक ने फिल्म से पहला लुक शेयर करते हुए लिखा- जब एक आदमी अपनी ड्यूटी से परे जाता है. बड़े गर्व और सम्मान के साथ हम आपके लिए लेकर आ रहे हैं. कैप्टन इंडिया. कार्तिक के पोस्ट पर कई बॉलीवुड सेलेब्स ने कमेंट करके उन्हें बधाई दी है. कार्तिक को पायलट के लुक में देखकर उनके फैंस बहुत खुश हैं. वह उनके पोस्ट पर कमेंट करके अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं. फिल्म के बारे में कार्तिक आर्यन ने कहा- कैप्टन इंडिया समान रूप से प्रेरणादायक और रोमांचकारी है और इसके साथ मुझे हमारे देश के इस तरह के ऐतिहासिक अध्याय का हिस्सा बनने के लिए गर्व और सम्मान महसूस हो रहा है. हंसल सर के काम के प्रति मेरे मन में बहुत सम्मान है और उनके साथ सहयोग करने का यह सही मौका था. फिल्म निर्माता हंसल मेहता कहते हैं, 'कैप्टन इंडिया' जो सच्ची घटनाओं से प्रेरित है, एक ऐसे पल को फिर से दर्शाएगा जहां एक आदमी अपने दर्द और पीड़ा को परे रख कर हजारों लोगों की जान बचाता है. मुझे फिल्म में रोनी स्क्रूवाला और हरमन बावेजा के साथ काम करने की खुशी है और मैं कार्तिक के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं। फिल्म के बारे में बात करते हुए निर्माता रोनी स्क्रूवाला कहते हैं, कैप्टन इंडिया न केवल अब तक के सबसे बड़े मानवीय कार्यों में से एक की कहानी है, बल्कि अदम्य मानवीय भावना के बारे में भी है, जो बाधाओं के बावजूद असफलता से ऊपर उठता है। हंसल मेहता हमारे समय के बेहतरीन फिल्म निर्माताओं में से एक हैं और उन्होंने हमेशा मानवीय कहानियों के वास्तविक सार को खूबसूरती से कैद किया है.

## वन-टू-वन



### गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विधायक मेवाराम जाटव ने किया चितौरा मेन रोड पर प्याऊ का उद्घाटन

**मोहन मांझी, पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** चितौरा में मेन रोड पर कल्याणपुरा निवासी पूरन चौधरी के द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक दिवसीय सार्वजनिक जल प्याऊ का कार्यक्रम रखा गया था। जिसका उद्घाटन गोहद विधायक मेवाराम जाटव के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उनके साथ केदार सिंह कौशल, मलखान सिंह माहौर, महावीर जाटव, पूरन चौधरी, सौरभ चौधरी, अमित कुमार, आकाश पलिया, इंद्रराज नौरोजी, अनिल कुमार, अंकित चौधरी, निरंजन सिंह राणा, राधे लाल जाटव, कुंवर राज, अजय कुमार, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित, एवं आइडियल संस्थान के तत्वाधान मे महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादन का किया शुभारंभ

**नेनाराम सिरवी ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

पाली नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित एवं आइडियल संस्थान के तत्वाधान में शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत स्तापित प्रतिज्ञा महिला शहरी आजीविका मल्टीपर्पसे कोआपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड ने गुलमोहर रूरल मार्ट के माध्यम से महिलाओ द्वारा बनाये गया उत्पादों का शुभारम्भ किया गया ,। इस अवसर पे विभिन प्रकार के खाद्य सामग्री: जैसे नमकीन , खीचिया , पापड़ , गरम मसाले , पिस्से मसाले ( हल्दी धनिया मिर्च ), दाल, दलीय, अचार मसाले, राबोडी , इत्यादि का नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक विनोद दाधीच, शहरी आजीविका मिशन के श्री देवेंन्द्र सिंह राणावत एवं आइडियल संसथान के अरुण कटियार के द्वारा किया गया। इस पहल का मुख्या उद्देश्य महिलाओ के बनाये हुए उत्पादों को मार्किट एवं लोगो के बीच में पहुँचाना है, ।जिससे के शुद्ध एवं नेचुरल उत्पाद लोगो के बीच मुहीम हो सके। इस अवसर पे आइडियल संसथान से अमित शर्मा एवं स्वयं सहायता समूह की निरमा, कनक, चन्द्रकला, सविता, पूजा एवं अन्य महिलाये मौजूद रहे।



### कानेलाव पंचायत प्रशासन की अनोखी पहल बरसों पुराने अतिक्रमण को शांतिपूर्ण ढंग से हटाया गया

**नेनाराम सिरवी ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

पाली/निकटवर्ती ग्राम पंचायत कुरना के राजस्व गाव कानेलाव मेंअतिक्रमण मुक्त ग्राम पंचायत के सपनों को साकार करने के लिए पंचायत प्रशासन एवम् ग्रामीणों के सर्व सहमति से में शांतिपूर्ण ढंग से बरसों पुराने अतिक्रमण को हटाया गया। अवैध रूप से किए गए सरकारी भूमि पर कब्जे को मीणा समाज की सहमति से बिना वाद विवाद के अतिक्रमण हटाया गया। कानेलाव कुरना मार्ग आखरिया चोक। से कुरना जाने वाला रोड पर पानी निकासी नही होने की वजह से बारिश के समय भारी समस्या हो रही थी।ग्रामीणों द्वारा मुख्य रोड पर अवैध रूप से जगह-जगह पर अतिक्रमण किया गया था। पंचायत प्रशासन की अनोखी पहल के अनुसार शांतिपूर्ण ढंग से अतिक्रमण को हटाया गया। सरपंच देवासी ने बताया कुरना ग्राम पंचायत के विकास में सहयोग में सांसद पी पी चौधरी जिला प्रमुख रश्मि सिंह विधायक जोराराम कुमावत प्रधान मोहनी पुखराज पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### अखिल भारतीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन पत्रिका का विमोचन आज

**मोहन मांझी, पुष्पांजली टुडे**

गोहदद्व रविवार को अखिल भारतीय परिचय सम्मेलन ग्वालियर द्वारा अग्रवाल परिचय पत्रिका के 79 वें अंक का विमोचन किया जाएगा कोविड 19 की गाइडलाइन का पूरा पालन किया जाएगा साथ ही अग्रसेन चौराहा (नए बस स्टैंड )पर स्थापित श्री 1008 महाराजा अग्रसेन जी की मूर्ति पर अखिल भारतीय सम्मेलन समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विक्रम के मुख्य अतिथि राजेश ऐरन ,राष्ट्रीय अध्यक्ष नीलम शाह ,महिला प्रदेश महामंत्री रचना लोहिया ,अग्रवाल समाज अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ,मनीष अग्रवाल ,विष्णु अग्रवाल आदि पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर कार्यक्रम के लिए मंगल कामना करेंगें उसके बाद अग्रवाल धर्मशाला ( नगर पालिका के पास ) में परिचय पत्रिका का विमोचन समस्त अग्र बंधुओं के सानिध्य में किया जाएगा।

# युतिका वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में किया गया वृक्षारोपण

**नेनाराम सिरवी ब्यूरो, पुष्पांजली टुड**

पाली/सोजत ब्लाक के ग्राम पंचायत बिलावास में युतिका वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में 500 वृक्ष लगाए गए। ग्राम बिलावास के मॉडल चारागाह विकास में 450 पौधे तथा ग्राम पंचायत परिसर में 50 पौधे विभिन्न किस्म के लगाए गए।महोगनी जैक फ्रूट इमली जामुन नीम इत्यादि के 500 पौधे लगाए गए । बिलावास सरपंच डिंपल सीरवी ने बताया कि हरियालो राजस्थान अभियान के तहत युतिका वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा चलाया गया अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। हरियालो राजस्थान का संकल्प पूरा करने के लिए सरपंच के कार्यकाल के प्रथम वर्ष के दौरान 1100 वृक्ष लगाने का संकल्प लिया था और उस संकल्प को पूरा किया गया।सरपंच सीरवी ने बताया कि पौधे जीवन का मुख्य आधार है। इनसे ही सुखी संसार की कल्पना की जा सकती हैं।पौधों से प्राणवायु मिलने के साथ ही प्रकृति का संतुलन बना रहता है । पेड़ पौधों का धार्मिक ही नहीं वैज्ञानिक महत्व भी हैं। जिसे सभी को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को एक वृक्ष प्रतिवर्ष लगाना चाहिए।



कोराना काल में ऑक्सीजन की कमी आई जो पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने की तरफ इशारा करती हैं। मानव जीवन का मुख्य आधार ऑक्सीजन की पूर्ति हम नहीं कर सकते हैं लेकिन ऑक्सीजन की पूर्ति करने वाले वृक्षों को हम लगा सकते हैं। ग्राम पंचायत को हरा भरा करने के लिए संस्था की ओर से चलाए जा रहे अभियान के तहत सरपंच ने संस्था का आभार जताया ।ग्राम पंचायत परिसर में युतिका वेलफेयर फाउंडेशन के चेयरमैन जेठाराम गहलोत नरपत लाल हंसराज समन्वयक श्याम शर्मा के साथ पंचायत समिति सदस्य किरण पवार पंचायत सहायक विनय व्यास पूर्व सरपंच ढगलाराम। वार्ड पंच हेमाराम परेरी कुकी देवी आगलेचा। बंसी लाल पंवार जेठाराम हाम्बड नरपत सिंह राजपुरोहित संत घनश्याम दास गोवर्धन माली तेजाराम हेमाराम आगलेचा नारायण परेरिया भंवरी देवी वार्ड पंच भुडाराम आगलेचा गौ सेवक सहित सैकड़ों गणमान्य ग्रामीणों की उपस्थिति में संस्था की ओर से लिया संकल्प को पूरा करने के लिए वृक्षारोपण किया गया।

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन राज्य योजना के तहत लघु व सीमांत कृषकों को बीज किया वितरित

**नेनाराम सिरवी ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

पाली/निकटवर्ती किसान सेवा केंद्र सोड़ावास कृषि विभाग के तत्वाधान में लघु व सीमांत कृषकों को मिनी बीज कीट वितरित किए गए । कृषि विभाग की ओर से काश्तकारों के लिए चलाई जा रही योजना की जानकारी देते हुए कृषि प्रवेशक गोविंद सिंह कुंपावत ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन राज्य योजना के अंतर्गत लघु व सीमांत कृषकों को खरीफ फसलों के लिए प्रदान किए मिनी कीट के उपयोग व सावधानी के बारे में बताया गया। और खरीफ की फसलों के अधिक से अधिक उत्पादन पर जोर देते हुए उन्नत कृषि तकनीक की जानकारी दी। मूंग मिनी किट कृषक महिलाओं को प्रति कृषक 4 किलो मिनी बीज किट वितरित किया गया। कृषि प्रवेशक कुंपावत ने बताया कि निम्न श्रेणी के कृषक एस सी। एस टी। बी पी एल। लघु व सीमांत महिला कृषकों को बीज वितरित किया जाता है। किसान सेवा



केंद्र सोड़ावास गठित की गई कमेटी के सानिध्य में कृषक महिलाओं को राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत मूंग मिनी किट बीज वितरित किया गया। इस मौके पर कृषि प्रवेशक गोविंद सिंह कुंपावत प्रगतिशील कृषक भंवर सिंह रजपूत गुड़ा सोनीगरा कृषक मित्र तुलसाराम सोड़ावास पूर्व उप सरपंच ग्राम पंचायत सोनाई माझी कालू सिंह. ग्राम रक्षक सज्जन सिंह। वार्ड पंच गोरख राम देवासी आदि सहित मौजूद रहे।

# लालसिंह आर्य ने दंदरौआ धाम और मुकेश चौधरी ने शाहपुर में गुरुजनों से लिया आर्शीवाद'

**ब्रजपाल सिंह (सीटू) रिपोर्टर**

दैनिक पुष्पांजली टुडे

दंदरौआ/भिण्ड भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य अपने निर्धारित एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र मेहगांव के मंडल दंदरौआ के डॉक्टर हनुमान दंदरौआ में आकर हनुमान जी के दर्शन कर श्री श्री 1008 महंत महा मंडलेश्वर श्री राम दास जी महाराज जी से पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूजा कर आशीर्वाद लिया 7

राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा आर्य मंदिर परिसर में ही कार्यकर्ता पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात मुलाकात की वही मेहगांव मंडल अध्यक्ष राजवीर सिंह गुर्जर द्वारा डॉक्टर हनुमान का चित्र भेंट किया और उनका पुष्प आर पहनाकर स्वागत किया 7

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर परिसर पहुंचे जांच सर्वप्रथम डॉक्टर हनुमान जी का पुष्प



मालाएं एवं दीप जलाकर पूजा अर्चना की द्य

भाजपा कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि गुरु सर्वप्रथम हमारे माता-पिता हैं उसके बाद हम देवताओं को अपना गुरु मानते हैं कि जिसके बिना सब काम अधूरे होते हैं हमें सबसे पहले अपना गुरु से दीक्षा लेनी चाहिए सब काम जिन के आशीर्वाद से पूर्ण हो जाते हैं डॉक्टर हनुमान जी की अनुपम कृपा से आप सभी के सब कष्ट दूर होंगे आज गुरु पूर्णिमा पर हम सब उनके स्वास्थ्य की कामना करते हुए आगे बढ़े और अपने जीवन को धन्य बनाएं 7

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मेहगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक चौधरी मुकेश चतुर्वेदी मध्यप्रदेश के भोपाल में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर शाहपुरा मंडल में कार्यकर्ताओं के साथ गुरुजनों संतों का सम्मान किया और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। वही भिंड जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों एवं जिला मंडल अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्र के धार्मिक स्थानों पर पहुंचकर अपने अपने गुरुओं का पूर्व से साल और श्रीफल के साथ सम्मान करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया ।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य के साथ मंडल अध्यक्ष राजवीर सिंह गुर्जर नगरीय प्रशासन एवं आवास तथा रतलाम जिले के प्रभारी मंत्री ओ पी एस भदौरिया के भतीजे रिंकू भदोरिया, कमल सिंह तोमर ,मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशवाह ,किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुवीर सिंह पवैया, पूर्व मंडी अध्यक्ष सज्जन सिंह यादव मतयार सिंह गुर्जर, रामकुमार सिंह भदोरिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यालय पर चयनित शिक्षकों ने दिया धरना

### 31 जुलाई तक नियुक्ति देने की मांग पर अडे शिक्षक

**भोपाल ।** तीन साल से नियुक्ति प्रदेश के चयनित शिक्षकों ने कल भाजपा प्रदेश कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। चयनित शिक्षक संघ भोपाल टीम ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा के नाम पर ज्ञापन सौंपा। चयनित शिक्षकों का ज्ञापन रजनीश अग्रवाल बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता ने लिया। ज्ञापन में चयनित शिक्षकों ने मांग की है कि लगभग तीन साल हो गए हैं, लेकिन भर्ती प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हुई। अभी तक नियुक्ति नहीं मिली है। चयनित शिक्षकों का कहना है अगर 31 जुलाई तक उनकी नियुक्ति नहीं मिलती है तो अगस्त के प्रथत सप्ताह में राजधानी में हम लोग भूख हड़ताल करेंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और मुख्यमंत्री की होगी। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों में नियुक्तियां दी जा रही हैं। केवल मध्यप्रदेश में नियुक्तियों को तीन साल तक लटकाया जा रहा है। इसके बाद चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग भी पहुंचे और उन्होंने चयनित शिक्षकों को आश्वासन दिया। इस दौरान धरना-स्थल पर पुलिस बल भी उपस्थित थे। संघ के करीब दस से बारह चयनित शिक्षक भाजपा मुख्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया। कुछ दिन पहले चयनित शिक्षक स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार के गृह निवास स्थान पर शुजालपुर में भी उनसे मुलाकात की थी। मंत्री को भर्ती प्रक्रिया शुरू करवाने के लिए धन्यवाद देने के साथ-साथ उनसे अगले महीने सभी चयनित शिक्षकों को स्कूल पहुंचाने का वचन लेकर आए हैं। मंत्री ने आश्वासन दिया था कि अगले महीने आपलोग को नियुक्ति दे दी जाएगी। नियुक्ति के बाद हमारा मुख्य मुद्दा पूरा वेतनमान रहेगा। चयनित शिक्षकों ने जल्दी से जल्दी इसका निराकरण करवाने की मांग की। मंत्री ने स्पष्ट किया था कि आप सभी लोग पहले बिना किसी अड़चन के विभाग के अंदर आ जाओ, फिर उसके बाद आपकी मांगों के बारे में हम आपको निराश नहीं करेंगे। उन्होंने हमसे भी एक वचन लिया है। उनका कहना है कि स्कूल जाकर अपने काम को ईमानदारी से करिए, हम आपसे वचन चाहते हैं कि स्कूल शिक्षा का स्तर पहले से बहुत ऊंचे स्तर पर आप चयनित शिक्षक लेकर जाएंगे। हम सभी चयनित शिक्षकों की ओर से उनको ये वचन उनको देकर आए हैं कि हम आपको भी कभी निराश नहीं करेंगे। सभी साथी अगले महीने से स्कूल जाने के लिए तैयार रहें। अपने आप के और अपने काम के प्रति ईमानदार रहें। चयनित शिक्षकों का कहना है कि तीन साल से वे शिक्षक बनने के लिए परेशान हैं, लेकिन अभी भी कई पात्र अभ्यर्थियों को बाहर किया गया है।



### मैसूर के संयुक्त तत्वावधान में जीवनधारा रक्तकोष मे रक्तदान शिवर का आयोजन किया गया

**पुष्पाजली टुडे**

मैसूरु । रक्तदान महादान गोभक्त संगठन ट्रस्ट,रावणा राजपूत समाज मैसूरु मंडल तथा घांची समाज मैसूरु के संयुक्त तत्वावधान में जीवधारा रक्तकोष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया द्य खबर लिखे जाने तक रक्तदान शिविर जारी था द्य अब तक 19 युनिट रक्त संग्रह कर जीवधारा रक्तकोष में जमा कराया गया द्य इस दौरान रक्तदान महादान गौभक्त संगठन ट्रस्ट मैसूरु के संरक्षक बनूर डॉ.महेन्द्र सिंह राजपुरोहित,पृथ्वी सिंह चांदावत, अध्यक्ष देवेंद्र परिहारिया,प्रवक्ता महेन्द्र चौयल,बगदाराम कुमावत, रावणा राजपूत समाज मैसूरु मंडल के संरक्षक बलवंत सिंह राखी,घांची समाज मैसूरु के अध्यक्ष प्रकाश निकुंम,जीवधारा रक्तकोष के निदेशक एस.ई. गिरीश सहित बड़ी संख्या में रक्तदाता मौजूद रहे ।

# जिलाधिकारी ने उद्योग बंधु की बैठक में मौजूद अधिकारियों को दिए निर्देश

जनपद के उद्यमियों की समस्याएं शासन की मंशानुसार निस्तारित की जाएं

**सोनू कुमार माथुर**

एटा। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने बैठक के दौरान निर्देश दिए कि शासन की मंशानुसार जनपद के व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर त्वरित निस्तारण पर जोर दिया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यू पी एस आ ई डी सी औद्योगिक क्षेत्र सैंथरी को जीटी रोड से जोड़ने हेतु जो भी कार्यवाही अवशेष है, उसे अतिशीघ्र पूर्ण किया जाए। एनएचएआई द्वारा रैम्प का निर्माण कार्य मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप पूर्ण कराया जाए। डीएम ने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर एनआईसी संबंधित विभाग द्वारा समय से जारी की जाए, इस हेतु व्यापारियों द्वारा आवेदन करते समय सम्पूर्ण दस्तावेज अपलोड किए जाएं, जिससे कि आगामी कार्यवाही समय से हो सके। जीएमडीआईसी यह सुनिश्चित करें कि व्यापारियों को तय समय से एनआईसी मिलनी चाहिए। कासगंज रोड पीएसी तक जल निकासी की समस्या को लेकर व्यापारियों द्वारा डीएम से शिकायत की गई, जिस पर डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी को सम्पूर्ण प्रकरण का निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा व्यापारियों के हित के लिए जो भी योजनाएं संचालित हैं, उनका सफलतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अवधेश कुमार वाजपेयी, जीएमडीआईसी बांकेलाल, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सतीश कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत सोपाली सिंह, एलडीएम वीरेन्द्र सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण, व्यापार मण्डल के आलोक जैन, धर्मवीर गहलौत, अतुल राठी आदि मौजूद रहे।

# अम्बाह ब्राम्हण समाज सेवा ट्रस्ट द्वारा शिक्षक सम्मान एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न...

अम्बाह.. ब्राह्मण समाज सेवा ट्रस्ट अम्बाह का शिक्षाविद स्व.पंडित श्री रामनारायण थापक की पुण्य स्मृति में शिक्षक सम्मान एवं प्रतिभा सम्मान समारोह मुख्य अतिथि गिर्राज डंण्डौतिया पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन व नायब तहसीलदार पोरसा ,श्री दाउदयाल जी पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा ,श्री शिवदयाल दीक्षित ,श्री जेपी कटारे जी और डी डी मिश्रा जी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अतिथि महोदय के द्वारा किया गया

अतिथि महोदय का स्वागत पातीराम उपाध्याय व पप्पू बरोलिया रामनरेश पटसारिया ,नीलेश शर्मा, संजू पचौरी , ..के द्वारा किया गया उसके बाद अतिथि महोदय के द्वारा सेवा निवृत शिक्षकों का शाल और श्रीफल से सम्मान किया गया उसके बाद मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया इस अवसर पर पूर्व मंत्री जी ने कहा की समाज की प्रतिभा खूब पढे और आगे बडे उन्होंने वहाँ उपस्थित सदन से आग्रह किया की आप जब भी सामाजिक कार्यक्रमों में आयें तो अपने बच्चों को भी साथ लायें जिससे




बच्चे समाज की कार्यप्रणाली समझ सके तदौ उपरान्त सम्मान समारोह में नव नियुक्त एजीपी अपर जिला सत्र न्यायालय अम्बाह श्री रामसेवक मिश्रा जी का भी सम्मान ब्राह्मण समाज सेवा ट्रस्ट अम्बाह के द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन हरेंद्र शर्मा और आभार प्रदर्शन पातीराम शर्मा के द्वारा किया गया कार्यक्रम में अशोक उपाध्याय,रामनरेश पटसारिया, बन्टी गुधैनियॉं ,कल्ला शर्मा भाजपा मडण्ल अध्यक्ष रमेश मुदगल रामअबतार शर्मा रामभरौषी मुदगल,रवि राजौरिया , रामप्रकाश चउआ नीलेश शर्मा ब्रजेश उपाध्याय रामसेबक चौधरी आदि समाज सेवी उपस्थित थे।



### सुरायता गांव में समाजसेवियों ने परिंडे लगवाए

**नारायणलाल सैणचा, पुष्पांजली टुडे**

पाली । सुरायता गांव में परिंडे अभियान अब उत्साह के साथ परिंडे लगाया जा रहा है। भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षी पशु प्रेमी भाजपा नेता हरीश कुमार सीरवी, बीएसपी जिला अध्यक्ष सुरेश पंवार, कोंग्रेस के वरिष्ट नेता असलम अली, नरेश एडवोकेट, आरएसएस के वेनाराम सरगरा, मोड़ावास के भाजपा नेता माधुराम गुज्जर, अंबालाल सरगरा, अशोक नाथ, दिनेश मेगवाल, रमेश चोकीदार व कई ग्रामीण उपस्थिति रहे। इस दौरान भामाशाओ ने बाजरी चुगा पानी के लिए चंदा इकट्ठा किया। सुरायता में कुटिया सर्कल पर, स्कूल व वोकल मां मंदिर परिसर में परिंडे लगाया गया। परिंडे सुरेश पंवार ने लगाया। सुरायता में गुरु पूर्णिमा के दीन परिंडे के साथ गायों के लिए चारा की भी व्यस्था की गई। सीरवी व पवार के नेतृत्व मे कई युवा इस अभियान में हिस्सा बन रहे हैं।

# ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड

## आरक्षी से 20400 रुपए की ठगी करने वाले दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**सोनू कुमार माथुर ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे**

एटा। थाना पिलुआ पुलिस द्वारा थाना पर पंजीकृत ठगी की सूचना पर प्रौद्योगिकी अधिनियम की घटना में फरार चल रहे आरोपियों को साइबर सेल की मदद से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

बीते गुरुबार को आरक्षी बलदेव सिंह पुत्र निरंजन सिंह निवासी जुड़ावई थाना फरह जनपद मथुरा द्वारा जो वर्तमान में थाना पिलुआ पर तैनात है द्वारा थाना पिलुआ पर सूचना दी कि उसके पास एक अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन आया जिसके द्वारा बताया गया कि ऑनलाइन एग्जाम की तैयारी के लिए एक बैच बना है जिसके रजिस्ट्रेशन के लिए फीस के रुपए फोन पे कर दो जिससे की आप का बैच में रजिस्ट्रेशन हो जायेगा। आरक्षी ऑनलाइन एग्जाम की तैयारी कर रहा है इसलिए उसने उक्त नंबर पर 490 का पेमेंट कर दिया। इसी प्रकार उसने दोबारा फोन कर 50 परसेंट डिस्काउंट की बात कर दोबारा से 300 का पेमेंट करा लिया। इस प्रकार धोखाधड़ी कर आरोपी युवक द्वारा उक्त नंबर पर 20400 का पेमेंट करा लिया गया। बाद में ऑनलाइन क्लास भी शुरू नहीं हुई तथा ना ही उस युवक ने पैसे वापस किए तथा झूठा आश्वासन देता रहा फिर बाद में फोन उठाना भी बंद कर दिया है। इस प्रकार युवक ने उक्त नंबर पर धोखाधड़ी व जालसाजी से पैसे डलवाकर ऑनलाइन ठगी की है। इस सूचना पर थाना कोतवाली नगर पर मुअसं 169/ 21 धारा 420 भादवि 66डी सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम पंजीकृत किया गया।

एसएसपी द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना से संबंधित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना पिलुआ को निर्देशित किया गया साथ ही प्रभारी साइबर सेल



को थाना पिलुआ पुलिस को आवश्यक मदद हेतु लगाया गया। शनिबार को थाना पिलुआ पुलिस तथा जनपदीय साइबर सेल द्वारा उक्त घटना को अंजाम देने वाले दो अभियुक्तों प्रवेश पुत्र राजवीर निवासी रोशन विहार कॉलोनी लक्ष्मी नगर थाना यमुनापार जनपद मथुरा महेश चंद्र पुत्र मांगीलाल निवासी ईसापुर पानी की टंकी के पास लक्ष्मी नगर थाना यमुनापार जनपद मथुरा को रेलवे स्टेशन फाटक कासगंज रोड के पास से गिरफ्तार किया गया है। जामा तलाशी में अभियुक्तों के कब्जे से 14700 रुपए, 27 फर्जी आईडी छायाप्रति 25 सिम कार्ड, तीन पासबुक, 08 आधार कार्ड की छायाप्रति 04 फर्जी आधार कार्ड, 2 एड्राइड फोन, एक कीपैड फोन आदि अन्य सम्बन्धित सामान बरामद किया गया है। पूछताछ पर अभियुक्तों ने बताया कि उनका एक सक्रिय गिरोह है जो इंटरनेट के माध्यम से विभिन्न प्रकार के लोगों से धोखाधड़ी कर रुपया डलवाते हैं। यही उनकी जीविका का साधन है जिसमें और भी सदस्य जुड़े हुए हैं। इसी तरह से लोगों से ऑनलाइन ठगी करते हैं तथा एटा में तैनात आरक्षी से उन्होंने ही ऑनलाइन ठगी की थी। इस संबंध में मुकदमा उपरोक्त में धारा 467, 468, 471 भा.द.वि की बढ़ोतरी कर गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## वन-टू-वन



### उन्दरा चौराहे पुर्व गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर संत चरणों में वंदन कर किया पौधारोपण

**नेनाराम सिरवी ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

पाली । राजस्थान पाली जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर हरियालो राजस्थान का संकल्प पूरा करने के लिए पर्यावरण प्रेमियों द्वारा वृक्षारोपण करने का संकल्प दिया जा रहा है। रोहट ब्लॉक के ग्राम पंचायत वायद के उन्दरा चौराहे मैन रोड पर श्री 108 संत श्री महन्त बालकदास जी महाराज के आश्रम प्रांगण में भव्य चतुर्मास के लिए पुर्व में गुरु पूर्णिमा महोत्सव शुभ पवित्र भुमि पर आंजणा समाज सेवी हरिभाई पटेल रूपावास के प्रेरणा से संत गुरू देव चरणों में दक्षिणा भेंट कर पुष्प माला वर्षा व जयकारे के साथ वंदन शीश नमन कर वृक्षारोपण किया गया जिसमें तुलसी, बिल्ल पत्र, मोगरा, चन्दन, आम, बादाम,अनेक फलदार व छायादार पौधा रोपण किया तथा समय पर देख भाल रखने का संकल्प देकर जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर समाज सेवी हरिभाई पटेल , दिलीप व दलाराम पटेल, डुंगर सिंह ताल का , बाबुसिंह वायद,चैनसिंह रावलवास, सोहन सिंह पीलोवणी,शंकर सिंह खेरवा, भैरु सिंह मादडी, जगदीश सिंह खुंडावास, हडमन्त सिंह राजपुरोहित सहित कई लोग मौजूद रहे ।



### भांवरी मे गुरू पूर्णिमा के अवसर पर पौधा रोपण एवं वितरित भी किया

**नेनाराम सिरवी।** पाली निकटवर्ती ग्राम पंचायत भांवरी गॉव श्री ठाकुर द्धारा चारभुजा मंदिर के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा शुभ पावन के दौरान पर भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं समाजसेवी हरिभाई पटेल की प्रेरणा से हरियालो राजस्थान के तहत पर्यावरण संरक्षण बचाव का संकल्प पुरा करने के लिए गांव व घरों में जाकर प्रत्येक परिवार को तुलसी , बिल्ल पत्र, मोगरा,आम, बादाम,जामुन सीताफल,अनेक प्रकार के फलदार व छायादार पौधे रोपण व वितरित कर देख रेख की जिम्मेदारी सौंप कर वहीं इसी अवसर पर भामाशाह व समाज सेवी का साफा व पुष्प माला पहनाकर उनका बहुमान किया गया । इस मौके पर उपसरंपच महंत ज्ञानदास जी महाराज, समाज सेवी हरिभाई पटेल,दलाराम पटेल, दिलीप पटेल, हडमन्त सिंह, गोविन्द सिंह, पाबुसिंह,भुदरराम, पद्मारराम उदाराम सहित कई लोग मौजूद रहे।



### गुरूपुर्णिमा का महा उत्सव महेशानन्द धर्मार्थ ट्रस्ट सोहम आश्रम परिक्रमा मार्ग

#### आश्रम मे धुम धाम से मनाया

**पुष्पाजंली टुडे, नारायणलाल सैणचा**

**मथुरा** -आज सुबह गुरुपुर्णीमा का महा उत्सव महेशानन्द धर्मार्थ ट्रस्ट सोऽहम आश्रम परिक्रमा मार्ग वृन्दावन मथुरा मे बड़े धुम धाम से मनाया गया इस अवसर पर अखिल भारतीय सोऽहम महामण्डलेश्वर परम पुज्नीय गुरुदेव श्री 1008 सत्यनन्द महाराज वह भारतीय उधीयोग व्यापार मंडल के वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री ऐवम तामीलनाडु पॉन ब्रोकर ऐवम ज्वेलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी तेजानन्द वर्न्दिावन आश्रम के मेहन्त स्वामी गोरवानन्द महाराज अखिलं भारतीय सोऽहम आश्रम के वरिष्ठ सन्त महात्माओ वह बड़ी सख्या मे भगत जनो ने भाग लिया।



### राजपुरोहित समाज की ओर से गुरूपुर्णिमा के उपलक्ष्य पर धर्मगुरू संत खेतेश्वर दाता की पुजा अर्चना की

पुष्पाजंली टुडे

.मैसूरु. शनिवार राजपुरोहित समाज की ओर से गुरू पुर्णिमा के उपलक्ष पर धर्मगुरू संत खेतेश्वर दाता की पूजा अर्चना की व पुष्प चंढाकर जयकारे लगाये गए द्य इस अवसर पर भक्तो ने 11 हजार रूपये एक्त्रित कर पिंजरा पोल गौमाता के लिए भेंट कीये। और पंडित राहुल शर्मा,समाज के अध्यक्ष हापू सिंह राजपुरोहित, उपाध्यक्ष शंकरलाल पुरोहित, प्रचार-प्रसार मंत्री मोडाराम राजपुरोहित, सद्स्य बनूर समाजसेवी महेन्द्र सिंह राजपुरोहित,तगाराम पुरोहित, लालाराम, विजयराज, श्याम सिंह ,जंनकसिंह भाटी ,आदि मौजूद रहे ।

## सफाई कर्मचारीयो के शोषण का अशिक्षा मुख्य कारण, समाज के उत्थान के लिए झाडू छोड़ो कलम उठाओ मिशन को सफल बनाएं वाल्मीकि समाजः संजय वाल्मीकि

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो चीफ**

दैनिक पुष्पांजली टुडे

दिल्ली- राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन तथा ह्यूमन राइट्स एंड लेवर वेलफेयर एसोसिएशन ट्रस्ट के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुड्डू संजय वाल्मीकि का दिल्ली प्रदेश के प्रवास पर यूनियन के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अजय फुलकुमार बहोत के नेतृत्व में वाल्मीकि समाज ने जोरदार स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री वाल्मीकि ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुड्डू संजय वाल्मीकि ने कहा है कि हिन्दुस्तान के दिल दिल्ली में राज्य तथा केन्द्र सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों को शोषण किया जा रहा है जो कि काफी निंदनीय है जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सफाई कर्मचारीयों के पैर धोकर दिखावा कर



रहे हैं वहीं राज्य की केजरीवाल सरकार ने सफाई कर्मचारियों का शोषण करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। जिन वादों को लेकर केंद्र में भाजपा सरकार एवं राज्य में केजरीवाल सरकार सत्ता में आयी है वो सारे वादे आज खोखला साबित हो रहे हैं दिल्ली एमसीडी के सफाई कर्मचारीयों की स्थिति दिन प्रतिदिन बद से बद्तर हो रही है सफाई कर्मचारीयों को 3-3 माह वेतन का भुगतान नही किया जाता है और न ही वर्षो से सफाई का कार्य कर रहे सफाई कर्मचारीयों को नियमित किया जा रहा है यदि जल्द ही राज्य एवं केन्द्र सरकार हमारी समस्याओं का निराकरण नहीं करती हैं तो यूनियन द्वारा दिल्ली प्रदेश में जन आक्रोश आंदोलन किया जाएगा और जररूत पड़ने पर माननीय उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय में याचिका दायर की जाएगी। इस मौके पर यूनियन के दिल्ली प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अजय फुलकुमार बहोत ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया और कहां कि जो जिम्मेदारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हमें दी है उसे बखूबी निभायेंगे। इस मौके पर यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव रूपेश पाथरे, राष्ट्रीय सचिव कल्याण सिंह बाल्मीकि, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मोहन सिंह थनवार, मीडिया प्रभारी रजत बंटी पाथरे एवं दिल्ली प्रदेश के विभिन्न संगठनों एवं यूनियनों के राष्ट्रीय एवं प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ एमसीडी के सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## अनियंत्रित कार सवार ने तीन को रौंदा एक की उपचार के दौरान मौत



**सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे**

एटा। गल्ला मंडी से पल्लेदारी कर साइकिल से घर वापस आते समय कार के चालक ने एक अधेड़ में टक्कर मार दी, जिसके बाद अनियंत्रित चालक ने दो बाइक सवारों को भी रौंद दिया। जिससे एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई वहीं 2 लोग घायल बताए गये हैं। आपको बता दें कि कल्लू खां पुत्र बशारत अली उम्र लगभग 52 वर्ष एटा गल्ला मंडी से पल्लेदारी कर अपने घर ककरावली जा रहा था कि तभी रास्ते मे दूल्हापुर के समीप पीछे से कार को तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए स्विफ्ट डिजायर चालक ने कल्लू खां को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर के बाद अनियंत्रित कार ने मोटरसाइकिल सवार भगवान सिंह पुत्र चंद्रपाल मरब लगभग 40 वर्ष व नमन कुमार पुत्र बेदराम उम्र लगभग 26 वर्ष निवासीगण दुल्लापुर थाना कोतवाली देहात को भी रौंद दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां कल्लू खां की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं पुलिस ने शव कब्जे में कर पंचनामा भर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की है।



## सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करना पड़ा युवक को भारी

### नयागांव पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक को भेजा जेल

**सोनू कुमार माथुर ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे**

एटा। शुक्रबार को थाना नयागांव पुलिस द्वारा वादी संजय सिंह पुत्र दशरथ सिंह निवासी सराय अगहत द्वारा थाना नयागांव पर यह सूचना दी गई की नयागांव क्षेत्र के सराय अगहत निवासी अरबाज खान पुत्र मुईन ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के संबंध में अश्लील भाषा में व्हाट्सएप स्टेट्स अपलोड किया है। इस सूचना पर थाना नयागांव पर मुअसं- 104/21 धारा 153(1)बी, 505(1)सी भादवि व 66 आईटी एक्ट नयागांव पंजीकृत कर आरोपी युवक अरबाज खान पुत्र मुईन निवासी सराय अगहत को गिरफ्तार कर प्रकरण में थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## जिलाधिकारी ने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा 30 जुलाई को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का लोकार्पण प्रस्तावित

**सोनू कुमार माथुर**

एटा। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने शनिवार को जनपद में 217 करोड़ रूपये की धनराशि से निर्माणाधीन स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सिरांव का जायजा लिया। मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा 30 जुलाई को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एटा का लोकार्पण कार्यक्रम प्रस्तावित है। उन्होंने स्थलीय निरीक्षण के दौरान पाया कि लेक्चर हॉल, सेन्ट्रल लाइब्रेरी आदि कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रभारी प्राचार्य डा0 राजेश अग्रवाल को निर्देश दिए कि मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा किए जाने वाले लोकार्पण को दृष्टिगत बैड्स की उपलब्धता सहित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं, तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाए। मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा 30 जुलाई को जनपद के स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का जनपद सिद्धार्थनगर से वर्चुअल लोकार्पण कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसका लाईव प्रसारण लेक्चर हॉल में किया जाएगा। मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा लोकार्पण किए जाने पूर्व एमसीआई की टीम द्वारा अतिशीघ्र स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण किया जाना है। एमसीआई की टीम द्वारा रिपोर्ट सौंपने के उपरान्त ही स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का लोकार्पण हो सकेगा। टीम द्वारा निरीक्षण हेतु जो भी व्यवस्थाएं पूर्ण की जानी हैं, उनको अतिशीघ्र पूर्ण करायें। लेक्चर थियेटर, सेन्ट्रल लाइब्रेरी, हॉस्टल के तहत जो भी कार्य अधूरा है उसे प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। डीएम ने इस दौरान जिला महिला चिकित्सालय प्रांगण में एमसीएच विंग में बैड्स की उपलब्धता, साफ सफाई आदि का जायजा लेते हुए निर्देश दिए कि एमसीएच विंग में जिन स्थानों पर बैड डाले जाने हैं, उनकी स्थिति स्पष्ट की जाए। डीएम ने प्रोजेक्ट मैनेजर सीएनडीएस एवं प्रभारी प्राचार्य को निर्देश दिए कि एमसीएच विंग एवं स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में समुचित साफ सफाई कराई जाए। निर्धारित तिथि से पूर्व फर्नीचर सहित अन्य सामान की व्यवस्था करते हुए फर्नीचर के सिफ्टिंग की कार्यवाही भी पूर्ण कर ली जाए। इस अवसर पर सीडीओ अवधेश कुमार वाजपेयी, सीएमओ डा0 उमेश कुमार त्रिपाठी, प्रभारी प्राचार्य डा0 राजेश अग्रवाल, सीएमएस डा0 अशोक कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर अजय पाठक, डा0 अभिनव दुबे आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन राज्य योजना के तहत

## लघु व सीमांत कृषकों को बीज किया वितरित

नेनाराम सिरवी पाली/निकटवर्ती किसान सेवा केंद्र सोड़ावास कृषि विभाग के तत्वाधान में लघु व सीमांत कृषकों को मिनी बीज कीट वितरित किए गए । कृषि विभाग की ओर से काश्तकारों के लिए चलाई जा रही योजना की जानकारी देते हुए कृषि प्रवेशक गोविंद सिंह कुंपावत ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन राज्य योजना के अंतर्गत लघु व सीमांत कृषकों को खरीफ फसलों के लिए प्रदान किए मिनी कीट के उपयोग व सावधानी के बारे में बताया गया। और खरीफ की फसलों के अधिक से अधिक उत्पादन पर जोर देते हुए उन्नत कृषि तकनीक की जानकारी दी। मूंग मिनी किट कृषक महिलाओं को प्रति कृषक 4 किलो मिनी बीज किट वितरित किया गया। कृषि प्रवेशक कुंपावत ने बताया कि निम्न श्रेणी के कृषक एस सी। एस टी। बी पी एल। लघु व सीमांत महिला कृषकों को बीज वितरित किया जाता है। किसान सेवा केंद्र सोड़ावास गठित की गई कमेटी के सानिध्य में कृषक महिलाओं को राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत मूंग मिनी किट बीज वितरित किया गया। इस मौके पर कृषि प्रवेशक गोविंद सिंह कुंपावत प्रगतिशील कृषक भंवर सिंह रजपूत गुड़ा सोनीगरा कृषक मित्र तुलसाराम सोड़ावास पूर्व उप सरपंच ग्राम पंचायत सोनाई माझी कालू सिंह. ग्राम रक्षक सज्जन सिंह।

## प्रदूषण जांच केन्द्रों का किया सघन निरीक्षण

**सोनू कुमार माथुर**

एटा। शासन ?के दिशानिर्देश पर जिले में चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह ?अभियान के तहत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी हेमचंद्र गौतम के निर्देशन में तृतीय दिवस में जनपद के प्रदूषण जांच केन्द्रों का संभागीय निरीक्षक प्राविधिक अजय कुमार गुप्ता द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अजय कुमार गुप्ता सहायक निरीक्षक प्राविधिक ने गांव ?कुनावली मार्ग स्थित आर. एफ. प्रदूषण सेंटर का सघन निरीक्षण किया तथा केंद्र पर उपस्थित संचालक एवं कार्मिकों को जांच केन्द्र पर जो कमियां पाई गई उनको एक हफ्ते में सुधारने के निर्देश दिए इसके अलावा संचालक/ कार्मिकों को यातायात नियमों की जानकारी दी।

इसके अलावा संभागीय निरीक्षक प्राविधिक अजय कुमार गुप्ता द्वारा भागीरथी




प्रदूषण जांच केन्द्र, जगदंबा प्रदूषण जांच केन्द्र, मां पूर्णागिरी प्रदूषण जांच केन्द्र का भी निरीक्षण करते हुए सड़क सुरक्षा सप्ताह अभियान के तहत यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया एवं यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

## अनियंत्रित कार सवार ने तीन को रौंदा एक की उपचार के दौरान मौत

**सोनू कुमार माथुर**


एटा। गल्ला मंडी से पल्लेदारी कर साइकिल से घर वापस आते समय कार के चालक ने एक अधेड़ में टक्कर मार दी, जिसके बाद अनियंत्रित चालक ने दो बाइक सवारों को भी रौंद दिया। जिससे एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई वहीं 2 लोग घायल बताए गये हैं। आपको बता दें कि कल्लू खां पुत्र बशारत अली उम्र लगभग 52 वर्ष एटा गल्ला मंडी से पल्लेदारी कर अपने घर ककरावली जा रहा था कि तभी रास्ते मे दूल्हापुर के समीप पीछे से कार को तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए स्विफ्ट डिजायर चालक ने कल्लू खां को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर के बाद अनियंत्रित कार ने मोटरसाइकिल सवार भगवान सिंह पुत्र चंद्रपाल मरब लगभग 40 वर्ष व नमन कुमार पुत्र बेदराम उम्र लगभग 26 वर्ष निवासीगण दुल्लापुर थाना कोतवाली देहात को भी रौंद दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां कल्लू खां की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं पुलिस ने शव कब्जे में कर पंचनामा भर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की है।


## राज्यसभा सांसद माथुर ने किया फालना रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य का निरीक्षण



नेनाराम सिरवी। पाली। राज्यसभा सांसद ओम प्रकाश माथुर ने रेलवे डीआरएम के साथ फालना रेलवे स्टेशन पर हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। ओर अधिकारियों को आवश्यक दिशा न्दिेश दिए गए। साथ ही रेलवे अधिकारियों को कहा की रानी में भी अंडर ओर पैदल पुल के निर्माण और अनेक समस्याओं के अति शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया गया ।इसके साथ रानी में भी लंबी दूरी की ट्रेनों का भी ठहराव होनी का आश्वासन दिया। रानी नगरपालिका चेयरमेन भरत कुमार राठौड़ साथ नगरपालिका उपाध्यक्ष डालचंद मेवाड़ा ने रानी की विभिन्न समस्याओं को डीआरएम अधिकारी के सामने पूरे जोर तरीक़े से अपना पक्ष रखा, रेलवे अधिकारिरो ने सबका का सकारात्मक जवाब दिया ओर समाधान की बात की। रानी नगर पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने राज्यसभा सांसद ओम प्रकाश माथुर का आभार जताया।

## वन-टू-वन

### छात्रा फांसी पर झूली

**ग्वालियर।** शहर झांसी रोड थाना क्षेत्र में स्थित बीजासेन मंदिर नाका चंद्रवदनी के पास रहने वाली एक छात्रा ने बीते रोज फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार झांसी रोड थाना क्षेत्र के बीजासेन मंदिर नाका चंद्रवदनी निवासी सीमा 17 साल पुत्री लाल सिंह कक्षा 12वीं की छात्रा थी। बीते रोज उसके परिजन काम से गए थे जब वह वापस लौटे तो घर का दरवाजा खटखटाया। नहीं खोलने पर उन्हें खिड़की से झांककर देखा तो सीमा का शव फांसी पर लटका था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई और मृतका के शव को पीएम के लिए भेज मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### 2 साल से फरार 5 हजार का इनामी गिरफ्तार

**ग्वालियर।** पुरानी छावनी थाना पुलिस ने एक 2 साल से फरार 5 हजार के नामी बदमाश को गिरफ्तार किया है ।पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुरानी छावनी थाना पुलिस को सूचना मिली कि हीरा नगर के पास जुआ चल रहा है ।पुलिस जब वहां पहुंची तो जुआरी पुलिस को देख कर भाग गए ।पुलिस जब वह वापस आ रही थी तभी रास्ते में एक युवक पुलिस को देखकर भागा तो पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ के दौरान युवक ने अपना नाम अबोध सिंह तोमर बताया ।बाद में पता चला कि युवक 2 साल से फरार था और उसके ऊपर बहोड़ापुर थाने में मामला दर्ज है तथा उस पर ?5000 इनाम घोषित है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है।

### करंट से बुजुर्ग की मौत

**ग्वालियर।** शहर के जनकगंज गंज थाना क्षेत्र में स्थित गोयल वाटिका के पास करंट लगने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है ।जानकारी के अनुसार जनकगंज थाना क्षेत्र के गोयल वाटिका निवासी बलेश 62 साल बीते रोज घर में काम कर रहे थे। तभी उनको करंट लग गया। परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लेकर आए ।जहां उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर आ गई है मृतक के शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म

**ग्वालियर।** शहर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में रहने वाला एक युवक पड़ोस में रहने वाली नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर अपने साथ भगा ले गया बाद में उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। किसी तरह किशोरी युवक के चुंगल से छूट कराई और थाने आकर युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है ।जानकारी के अनुसार बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के पंचवटी कॉलोनी रामा जी का पुरा निवासी 16 साल की एक किशोरी को पड़ोसी जावेद खान शादी का झांसा देकर अपने साथ भगा ले गया। युवक किशोरी को गिरवाई थाना क्षेत्र में ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसकी मारपीट की इसी तरह किशोरी युवक की चुंगल से छूटकर घर आई और परिजनों को पूरी घटना से अवगत कराया। घरवालों ने युवक से शादी करने के लिए कहा तो वह मुकर गया।

### मनुष्य ने प्रकृति को नहीं , बल्कि प्रकृति ने मनुष्य को बनाया है

**ग्वालियर।** पानी पर्वत पेड़ पौधे पत्थर परिंदे पशु पक्षी और पवन - ये सभी प्रकृति , परिवेश और पर्यावरण के अभिन्न अंग है . इनके अभाव में मानव जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती. प्रकृति एवं मानवता के अनछुए पहलुओं पर गहन अन्वेषण कर मानव जगत के लिए समर्पित वैचारिक - सैद्धांतिक कार्य को समर्पित आदेश के साथ कार्य कर रही संस्था थियोसोफिकल सोसाइटी फूल बाग ग्वालियर की अवधारणा सर्व धर्म संभाव की है एवं इसमें भारतीय संस्कृति को अधिक महत्व दिया गया है. भारतीय संस्कृति का मूल स्त्रोत अरण्य है।इसी तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए थियोसोफिकल सोसाइटी ग्वालियर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया .

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्वालियर जिला पंचायत सीईओ किशोर कन्याल रहे. कन्याल जी ने सभी उपस्थित जनो को बताया की राज्य शासन ने अंकुर कार्यक्रम की संकल्पना तैयार की है यह वृक्ष के रूप में भविष्य को रोपने के एक स्वतः स्फूर्त जन अभियान होगा .अंकुर कार्यक्रम के अंतर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के माध्यम से एक मोबाइल ऐप बनाया गया है और प्रदेश के नागरिक इस ऐप को डाउनलोड कर अपना पंजीयन कर सकेंगे , इस ऐप का नाम ÷वायुदूत÷ है.कार्यक्रम में लगभग 250 विभिन्न प्रकार के पौधरोपण किया गया और सभी सदस्यों द्वारा इन पौधो की देखभाल का संकल्प लिया गया.

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने 38 नम्बर कार्यालय पर सुनी आमजन की समस्यायें एवं आयुष्मान कार्ड किये वितरित

**ग्वालियर।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने 38 नम्बर कार्यालय पर आमजन की समस्यायें सुनकर उनका निराकण किया। इसके साथ ही क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से आये हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण किये। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री दारासिंह, श्री गुरूमुख करोसिया, श्री भारत सिंह सहित क्षेत्रीण गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने रविवार को 38 नम्बर कार्यालय पर आयुष्मान कार्ड वितरित करते हुए कहा कि सभी पात्र हितग्राहियों के कार्ड जिला प्रशासन के सहयोग से घर-घर जाकर बनाये जा रहे हैं फिर भी कोई पात्र हितग्राही रह जाता है तो उसका कार्ड भी बनाया जायेगा। साथ ही सभी पात्र हितग्रहियों को शासन की प्रत्येक योजना का लाभ दिलाने के लिए में वचनबद्ध हूँ। 38 नम्बर कार्यालय पर आए आमजनों की समस्याओं को ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बारी-बारी से सुना तथा उन समस्याओं के निराकरण के लिए तत्काल संबंधित अधिकारी से मोबाइल पर चर्चा कर निराकरण के लिए निर्देशित किया। सबसे ज्यादा समस्यायें बिजली, पानी व राशन न मिलने की आई। उन्होने कहा कि इस योजना के तहत प्रत्येक वर्ष लाभार्थी पांच लाख रूपये तक स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं। उन्होंने सभी लाभार्थी से अपना व अपने परिवार के सदस्यों से इलाज में इस कार्ड का उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि आयुष्मान कार्ड बनवाकर महंगे इलाज से बचा जा सकता है।





# संयुक्त परिवार आज के समय की जरूरत है : उर्जा मंत्री श्री तोमर



### जैन छात्रावास एवं जैन मिलन गोपाचल के संयुक्त तत्वाधान में उर्जा मंत्री श्री तोमर ने किया वृक्षारोपण

**ग्वालियर।** जैन छात्रावास कमेटी, जैन मिलन एवं जैन मिलन गोपाचल के संयुक्त तत्वाधान में आज जैन छात्रावास प्रांगण में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि कोरोना काल में हमने देखा कि एकल परिवार ने कितनी मुश्किलों का सामना किया है, आज के समय की जरूरत है संयुक्त परिवार। उन्होने कहा कि हमें पर्यावरण की रक्षा एवं सुरक्षा के लिए अपने नगर को हरियाली से हरा-भरा करना होगा। मंत्री श्री तोमर ने वृक्षारोपण करते हुए कहा कि अभी भी हम समय से नही चेते तो वह दिन दूर नही जब हमें पीने के पानी की तरह ऑक्सिजन सिलेन्डर भी साथ लेकर चलना होगा। उन्होने कहा कि इससे बचने का एकमात्र उपाय यही है कि अधिक से अधिक पौधरोपण किया जाए और पेड़ों व जंगलों को कटने से बचाया जाए। जैन समाज द्वारा किये गए वृक्षारोपण की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि सभी समाजों व सामाजिक संस्थायें आगे आकर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण करें, जिससे हमारा ग्वालियर हरा-भरा रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जैन समाज के प्रवक्ता श्री ललित जैन, जैन छात्रावास के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जैन, सचिव डॉ. मुकेश जैन, जैन मिलन के अध्यक्ष श्री सुनील जैन एवं जैन मिलन महिला की अध्यक्ष सुश्री पुष्पा जैन उपस्थित रहे। इस अवसर पर जैन छात्रावास के अंर्तगत संचालित जैन सेन्ट्रल हाई स्कूल के प्रंगाण में वृक्षारोपण किया गया।

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड-7 में पानी की पाइप लाइन का किया भूमिपूजन

**ग्वालियर।** प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने वार्ड -7 स्थित व्यास वाली गली में पानी की पाइप लाइन के भूमि पूजन के अवसर पर कहा कि क्षेत्र में गंदे पानी की समस्या के निदान के लिए अमृत योजना के तहत पानी की लाइन डाली जा रही हैं। उन्होने कहा कि मैं वचनबद्ध हूँ कि क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति प्यासा न रहे, सबको शुद्ध पेयजल मिले। इसके लिए पुरानी पाइप लाइन को बदलकर नई पाइप लाइन डाली जा रही है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि जहां भी गंदे पानी की समस्या आ रही है, वहां पर नई पाइप लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है। फिर भी कोई गली रह जाती है तो आप मुझे अवगत करायें, वहां भी लाइन डालने का कार्य किया जायेगा। जिससे क्षेत्रवासियों को शुद्ध पेयजल समय पर मिल सके। इसके साथ ही उन्होने अधिकारियों को निर्देशित कि पेयजल सप्लाई के समय क्षेत्र में भ्रमण कर गंदे पानी व पानी न आने की समस्या का निराकरण समय पर करें। उन्होने वार्ड-7 के अंतर्गत इंदिरा कॉलोनी, लूटपुरा, व्यास वाली गली आदि क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन की समस्यायें सुनी व संबंधित अधिकारियों को समस्या के निराकरण के लिए मौके पर ही निर्देशित किया। साथ ही कहा कि राशन की पात्रता पर्ची के लिए क्षेत्रीय कार्यालय पर शिविर लगाये जा रहे हैं, जहां आप फार्म जमा कर सकते हैं।



### लुटेरों को बेचने आए थे हथियार, पकड़े गए

**ग्वालियर।** ग्वालियर में हथियार बेचने आए दो बदमाशों को डबरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को पकड़े गए तस्करों से दो कट्टे और कारतूस मिले हैं। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि दो लुटेरे उनसे यह कट्टे लेने आने वाले थे। जिससे वह किसी लूट को अंजाम देते, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने हथियार तस्करों को पकड़कर बदमाशों के इरादे बिगाड़ दिए हैं। फिलहाल पकड़े गए बदमाशों से पुलिस पूछताछ कर रही है कि वह हथियार कहां से लेकर आए थे। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जयराज कुबेर ने बताया कि सूचना मिली थी कि दो बदमाश अवैध हथियार बेचने आने वाले हैं। सूचना पर डबरा थाना पुलिस को अलर्ट कर तस्करों को दबोचने के निर्देश दिए। जिस पर डबरा थाना पुलिस ने बस स्टैण्ड पर सादा कपड़ों में पुलिस टीम तैनात की गई।
















स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478